रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1

PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 79] नई दिल्ली, सोमवार, मार्च 24, 2003/चैत्र 3, 1925

No. 79] NEW DELHI, MONDAY, MARCH 24, 2003/CHAITRA 3, 1925

वाणिज्य मंत्रालय

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 मार्च, 2003

अंतिम जांच परिणाम

विषय : इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और ताईवान से नायलॉन टायर कोर्ड फैब्रिक (एनटीसीएफ) के आयातों से संबंधित पाटन-रोधी (मध्यावधि समीक्षा) जांच।

फा. सं. 57/1/2001-डीजीएडी.—वर्ष 1995 में यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आंकलन एवं संग्रहण और क्षति निर्धारण) नियम 1995 को ध्यान में रखते हुए:

क. प्रक्रिया

1. नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:-

(क) निर्दिष्ट प्राधिकारी ने (जिन्हें इसके बाद प्राधिकारी भी कहा गया है) ने दिनांक 22.2.2000 की अधिसूचना सं0 31/1/1998 द्वारा अंतिम जांच परिणामों को अधिसूचित किया था जिसमें इंडोनेशिया, कोरिया थाईलैंड और ताईवान मूल के या वहां से निर्यातित नॉयलान टायर कोर्ड फैब्रिक के सभी आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है।

(ख) सीमाशुल्क टैरिफ (सेशोधन) अधिनियम, 1995 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में अपेक्षित है कि प्राधिकारी केन्द्र सरकार द्वारा निश्चित पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की समय-समय पर समीक्षा करें। घरेलू उद्योग ने दिनांक 29 अक्तूबर, 2001 के पत्र द्वारा, प्राधिकारी के दिनांक 22.2.2000 की अधिसूचना सं0 31/1/1998 में की गई सिफारिशों का परिवर्तित परिस्थितियों में पुनरीक्षण करने का अनुरोध किया था। घरेलू उद्योग ने उल्लेख किया है कि अनंतिम अधिसूचना के तत्काल पश्चात् सीमाशुल्क में कटौती से, सम्बद्ध देशों से पाटित आयातों के विरूद्ध घरेलू उद्योग को दी गई सुरक्षा के संघटन में कमी हुई थी।

(ग) दिनांक 22.2.2000 की अधिसूचना सं0 31/1/98-एडीडी द्वारा किए गए अतिम जांच परिणामों की समीक्षा करने का निर्णय करने पर प्राधिकारी ने सीमाशुल्क टैरिफ (संशोधन) अधिनियम, 1995 और सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी

शुल्क का आंकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियम 1995 के अनुसार सम्बद्ध देशों से एन टी सी एफ पर पाटनरोधी शुल्क लगाने को जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा करने के लिए इन जांचों को प्रारंभ किया था । इस समीक्षा में 22.2.2000 को जारी अधिसूचना सं0 31/1/98-एडीडी के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है ।

(घ) प्राधिकारी ने अधिसूचना सं0 57/1/2001-डीजीएडी दिनांक 23 नवम्बर, 2001 द्वारा सम्बद्ध देशों से एनटीसीएफ पर लगाए गए पाटन रोधी शुल्क की समीक्षा आरंभ की थी तथा हितबद्ध पार्टियों से पत्र की तारीख से चालीस दिनों के भीतर अपने विचार प्रस्तुत करने का अनुरोध किया था।

(ङ.) प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पार्टियों को 3 जून, 2002 को मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया । उन सभी हितबद्ध पार्टियों से, जिन्होंने मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत किए थे, लिखित निवेदन करने का अनुरोध किया गया था । पार्टियों से प्रतिपक्षी पार्टियों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों की प्रतियां लेने और उनका खंडन, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था ।

(च) प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पार्टियों को विभिन्न पार्टियों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों तथा टर्की के अगोपनीय अंशों वाली सार्वजनिक फाईल उपलब्ध करवाई ।

(छ) याचिकाकर्त्ताओं तथा अन्य हितबद्ध पार्टियों द्वारा प्रस्तुत किए गए तर्कों पर इन जांच परिणामों में उचित कार्रवाई की गई है ।

(ज) उक्त नियम 16 के अनुसार इन निष्कर्षों के लिए विचार किए गए अनिवार्य तथ्यों/आधार का खुलासा ज्ञात हितबद्ध पार्टियों के लिए कर दिया गया था और उन पर मिली टिप्पणियों पर इन जांच परिणामों में विधिवत विचार किया गया है ।

(झ) इस अधिसूचना में *** चिह्न यह दर्शाता है कि उक्त सूचना हितबद्ध पार्टी द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई थी और नियमों के अनुसार प्राधिकारी ने भी इसे गोपनीय ही माना है ।

(य) जांच की अवधि 1 अप्रैल, 2000 से 31 मार्च, 2001 (नौ महीने) तक की है ।

ख. वर्तमान जांच में शामिल विचाराधीन उत्पाद नॉयलान टायर कोर्ड फैब्रिक (एन टी सी एफ) है जो सम्बद्ध देशों के मूल का है अथवा वहां से निर्यातित है तथा जो सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के सीमाशुल्क उपशीर्ष 5902.10.00 के अंतर्गत वर्गीकृत है । यह वर्गीकरण केवल सांकेतिक तथा वर्तमान जांच के कार्य क्षेत्र पर किसी भी प्रकार बाध्यकारी नहीं है ।

एनटीसीएफ का प्रयोग विभिन्न प्रकार के टायरों जैसे बस और ट्रक टायर, टू विह्लर टायर, हल्के व्यावसायिक वाहन, जानवरों द्वारा चलाए जाने वाले वाहनों में होता है । एन टी सी एफ का प्रयोग गैर-टायर उद्योगों में भी होता है । एन टी सी एफ विभिन्न डिनायरों के हैं ।

किसी भी हितबद्ध पार्टी ने विचाराधीन उत्पाद और जांच के कार्यक्षेत्र के संबंध में कोई आपत्ति नहीं उठाई है । फिर भी, मै0 फोरमोसा ने मूलतः ग्रे एन टी सी एफ के संबंध में ही सूचना प्रदान की है जिसमें उल्लेख किया गया है कि जांच केवल ग्रे एन टी सी एफ के संबंध में है । कम्पनी ने डिप्ड एन टी सी एफ के संबंध में भी सूचना प्रदान की थी । इस प्रकार फोरमोसा ने भी

स्वीकार किया है कि जांच एन टी सी एफ के सभी प्रकारों से संबंधित है । अतः प्राधिकारी का विचार है कि विचाराधीन उत्पाद नायॅलान टायर कोर्ड फैब्रिक है जिसे सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम के सीमाशुल्क उपशीर्ष 5902.10.00 के अंतर्गत वर्गीकृत किया है ।

ग. समान वस्तुएं

3. याचिकाकर्त्ताओं ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित तथा बेचा जाने वाला एन टी सी एफ तथा सम्बद्ध देशों से आयातित उत्पाद का भारत में उपभोक्ताओं द्वारा एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जा रहा है । सम्पूर्ण विश्व में उत्पाद के निर्माण की प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी मशीनरी, कच्चे माल, निर्माण प्रक्रिया के रूप में तकरीबन एक जैसी है सिर्फ थोड़े से अंतरों को छोड़कर जैसे योगज, सामग्री हैंडलिंग में आटोमेशन आदि । इन तर्कों पर कोई विवाद नहीं है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तुएं आयातित उत्पाद के समान वस्तु हैं ।

उपर्युकत को देखते हुए प्राधिकारी का विचार है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित एन टी सी एफ तथा सम्बद्ध देशों से आयात किए जा रहे एन टी सी एफ को एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जा सकता है तथा दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापन योग्य हैं । अतः पाटनरोधी नियमों के अर्थ के अंतर्गत इन्हें समान वस्तु माना गया है ।

(क) समान वस्तु पर घरेलू उद्योग द्वारा व्यक्त किए गए विचारः

थाई बड़ौदा ने यह माना है कि उनके द्वारा निर्यातित एन टी सी एफ तथा उत्पादकों द्वारा उत्पादित उत्पाद समान वस्तुए हैं । उनका कहना है कि उत्पाद की कीमतें और लागत डिनाईरेज़ के संदर्भ में भिन्न-भिन्न हैं । इससे जांच पर कोई अंतर नहीं पड़ता । थाई बड़ौदा को उनके द्वारा निर्यातित एन टी सी एफ, ग्रे फैब्रिक के लिए तथा वस्तु डिप्ड फैब्रिक के लिए अलग-अलग ब्यौरे देना आवश्यक है। इन दो श्रेणियों में विभिन्न डिनाइरेज़ के लिए अलग परिशिष्ट दिए जाने चाहिएं । उनके द्वारा प्रत्येक डिनाईरेज़ के लिए उत्पादन लागत अलग से भी प्रस्तुत की जाएगी । प्राधिकारी पाटन मार्जिन निकालने के लिए समान वस्तुओं के सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत की तुलना करेगा । (थाईलैंड में 840 डिप्ड तथा भारत में 840 डिप्ड) चूंकि जिस उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क लगाया है वह एन टी सी एफ है अतः प्राधिकारी को प्रत्येक उत्पाद के प्रत्येक प्रकार हेतु पाटनमार्जिन एकल औसत दर पर जोड़ना होगा ।

(ख) समान वस्तुओं पर निर्यातकों द्वारा निवेदनः-

थाई बड़ौदा, थाईलैंड

1. हालांकि इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तुएं थाई बड़ौदा द्वारा निर्यात की जा रही वस्तुओं के समान वस्तु हैं अतः यह निवेदन किया गया है कि कम्पनी अब केवल डिप्ड एन टी सी एफ निर्यात कर रहा है । इसके अतिरिक्त एन टी सी एफ के विभिन्न डिनायर हैं जो लागत के मामले में भिन्न-भिन्न हैं । अतः थाई बड़ौदा ने याचिकाकर्त्ता के इस दावे का खंडन किया है कि एन टी सी एफ के विभिन्न प्रकार अपनी लागतों और कीमतों के अर्थ में भिन्न नहीं हैं । चूंकि एन टी सी एफ का उत्पादन विभिन्न डिनाइरों में होता है अतः विभिन्न डिनाइरों की

उत्पादन लागत उल्लेखनीय रूप से अलग-अलग होती हैं । इसके अतिरिक्त कम्पनी द्वारा भारत को बेचा जा रहा उत्पाद मिश्रण घरेलू बाजार में बेचे जा रहे मिश्रण से भिन्न था ।

(ग) **समान वस्तु पर प्राधिकारी द्वारा जांच:-**

नियमावली के नियम 2(घ) में निर्दिष्ट है कि समान वस्तु का अभिप्राय उस वस्तु से है जो जांचाधीन उत्पाद के साथ हर तरह से समरूप और समान हो अथवा ऐसी वस्तु के अभाव में ऐसी अन्य वस्तु से है जिसकी विशेषताएं जांचाधीन वस्तु की विशेषताओं से अत्यधिक मेल खाती हों ।
कुछ हितबद्ध पार्टियों ने डिप्ड और ग्रे फैब्रिक में लागत के रूप में अंतर तथा डिनाइरेंज के आधार पर याचिकाकर्त्ता द्वारा निर्मित और आयातित विभिन्न ग्रेडों के बीच अंतर पर भी बल दिया है । प्राधिकारी ने नोट किया कि विभिन्न डिनायरों के लिए कच्चे माल का संघटन और उत्पादन प्रक्रिया एक जैसी है । प्राधिकारी ने आगे नोट किया है कि ग्रे फैब्रिक की कुल उत्पादन लागत की तुलना में डिप्ड फैब्रिक हेतु डिपिंग लागत केवल थोड़ी सी है तथा 10% से अधिक नहीं है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसे कोई भौतिक अंतर या तकनीकी विशिष्टताएं नहीं हैं (भार को छोड़कर) जो सम्बद्ध वस्तुओं के विभिन्न डिनायरों/ग्रेडों में अंतर करे ।

अतः प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि निर्मित उत्पाद (विभिन्न ग्रेडों में) तथा याचिकाकर्त्ता द्वारा निर्मित उत्पाद की बुनियादी प्रक्रिया और प्रयोग एक समान हैं । इन दोनों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जा सकता है तथा विभिन्न ग्रेडों में आयातित उत्पाद और याचिकाकर्त्ता द्वारा निर्मित उत्पाद जो इस जांच का मुद्दा है, के बीच प्रतिस्पर्द्धा है ।

यह निर्धारित करने के लिए कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित एटीसीएफ के विभिन्न ग्रेडों में सम्बद्ध वस्तुएं इंडोनेशिया, कोरिया, थाईलैंड और ताइवान से निर्यातित एन टी सी एफ के विभिन्न ग्रेडों की सम्बद्ध वस्तुएं समान वस्तुएं हैं, प्राधिकारी ने तकनीकी विशिष्टताओं, निर्माण प्रक्रिया, कार्य और प्रयोग तक टैरिफ वर्गीकरण को ध्यान में रखा । सम्बद्ध देशों से आयातित सम्बद्ध उत्पादों और याचिकाकर्त्ता द्वारा उत्पादित उत्पाद की भौतिक विशिष्टताएं, उत्पादन प्रक्रिया तथा प्रयोग एक समान हैं । सम्बद्ध उत्पाद की एक दूसरे से तथा अन्य देशों से आयातित एवं इसके साथ-साथ घरेलू समान उत्पाद के साथ सीधे प्रतिस्पर्द्धा है ।

प्राधिकारी ने पाया कि इस तर्क पर कोई विवाद नहीं है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सम्बद्ध वस्तुओं की विशेषताएं आयातित सामग्री के समान हैं तथा सम्बद्ध देशों से वाणिज्यिक और तकनीकी दोनों रूप में विभिन्न ग्रेडों में आयातित एन टी सी एफ द्वारा प्रतिस्थापनीय हैं । घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सभी ग्रेडों के एन टी सी एफ को नियम 2 (घ) के अर्थ के भीतर इंडोनेशिया, कोरिया, थाईलैंड और ताईवान से निर्यातित उत्पाद के समान वस्तु माना जाता है ।

घरेलू उद्योग:-

4. समीक्षा याचिका, मै0 एस आर एफ लि0, नई दिल्ली, मैं0 एन आर सी लि0, मुम्बई, मैं निर्लोन लि0, मुम्बई तथा मै0 टी एफ एल की ओर से सिंथेटिक फाईबर उद्योग संघ द्वारा दायर की गई है । (मई,2000 से मैं0 एस आर एफ लि0 की 100% सहायक) एन टी सी एफ का कुल उत्पादन तथा याचिकाकर्त्ता का उत्पादन नीचे दिया गया है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस सूचना के अनुसार (दिनांक 29.10.01 के पत्र द्वारा प्रदान की गई) घरेलू उद्योग ने मै0 एन आर सी की

संस्थापन क्षमता 6400 एम टी तथा मै0 सेंचुरी एंका की 10900 एम टी बताई है जबकि लागत ब्यौरों और तुलनपत्र (सेंचुरी के) में दी गई सूचना के अनुसार इन फर्मों की संस्थापन क्षमता क्रमशः 7500 एमटी और 12000 एमटी है । इसके अतिरिक्त मै0 एन आर सी का वर्ष 1999-2000 का उत्पादन 5885 एम टी दिया गया है जबकि लागत ब्यौरों के अनुसार यह 6343 एम टी दर्शाया गया है । इसी प्रकार, मै0 निर्लोन का उत्पादन 5062 एम टी दर्शाया गया है जबकि लागत ब्यौरों के अनुसार यह 5688 एम टी है । उपर्युक्त को देखते हुए, संगत आंकड़ों में तद्नुसार संशोधन किया गया है:-

मात्रा (एमटी)

कम्पनी का नाम	संस्थापन क्षमता(एमटी)	1998-99	1999-2000	जांच अवधि(अप्रैल 2000-मार्च,01)
एसआरएफ लि0	18300	17507	19145	16468
एनआरसी लि0	7500	5776	6343	6116
निर्लोन लि0	7200	4979	6098	5688
टीएफएल	6500	1493	2945	2140
घरेलू उद्योग द्वारा एनटीसीएफ का कुल उत्पादन	39500	29755	34531	30412
अन्य (सेंचुरी एंका लि0)	12000	9396	10372	10093
कुल	51500	39151	44903	40505
याचिकाकर्त्ता का हिस्सा	77%	76%	77%	75%

ड. हितबद्ध पार्टियों द्वारा व्यक्त किए गए विचारः-

निर्यातकों द्वारा दिए गए निवेदनः-

(क) पीटीजीटी पेट्रोकेम इंडस्ट्रीज टीबीके, इंडोनेशियाः

1. पीटीजीटी की स्थापना 1986 में की गई थी । फैक्टरी टेंगरंग में स्थित है । घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार हेतु टायर कोर्ड फैब्रिक के उत्पादन के लिए कम्पनी की कोई अन्य फैक्टरी शामिल नहीं है ।

2. टायर कोर्ड फैब्रिक बनाने में मुख्य कच्ची सामग्री नॉयलान 6 यार्न स्थानीय रूप से प्राप्त किया जाता है, आयातित कच्चे माल का अनुपात बहुत सीमित है तथा इसमें मुख्य सहायक सामग्री जैसे केमिकल सोल्यूशन शामिल हैं । बशर्ते कि इन सभी स्थानीय और आयातित कच्चे माल पर 10% तक का मूल्यवर्धित कर लगाया जाए । परंतु यह 10% मूल्यवर्धित कर को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में, सामान्यतः दिसम्बर के महीने में वापिस किया जा सकता है ।

3. भारत को निर्यातित मुख्य स्टाईल, 840 डी/2, 1260 डी/2 तथा 1680 डी/2 के ग्रे नॉयलान 6 टायर कोर्ड हैं ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

1. कंपनी ने इंडोनेशिया में 840डी/2 तथा 1260डी/2 में टायर निर्माण कम्पनियों के लिए परिशिष्ट 1 के अनुसार घरेलू बाजार में बिक्री के आंकड़े प्रस्तुत किए हैं ।
2. उन्होंने परिशिष्ट 2 में भारत को निर्यात के संबंध में सूचना प्रदान की है । निर्यातित स्टाईल 840डी/2,1260 डी/2 तथा 1680 डी/2 स्टाईल के ग्रे नॉयलान 6 टायर कोर्ड हैं ।
3. जांच अवधि तथा अनुवर्ती दो वर्षों (1998-99) के दौरान भारत, घरेलू बाजार और अन्य देशों को निर्यात हेतु बिक्री के आंकड़े परिशिष्ट 3क, 3ख और 3 ग में दिए गए हैं ।
4. भारत को निर्यात, घरेलू बिक्रियों और अन्य देशों को निर्यातों के लिए बिक्री कीमत ढांचा परिशिष्ट 4 से 6 और 6 ख में दिया गया है ।
5. भारतीय बिक्री के लिए कमीशन फॉब मूल्य पर *** %हैं । स्थानीय बाजार और गैर भारतीय बाजार के लिए कमीशन वही है अर्थात् फॉब मूल्य *** है । पैकिंग, बीमा, स्टोरेज, हैंडलिंग, कर, मरम्मत और अनुरक्षण की औसत लागत मूल्यों को अतिरिक्त व्यय के लागत परिकलन में पहले ही शामिल कर लिया गया है ।
6. विदेशी भाड़ा प्रभार में पत्तन प्रभार पहले ही शामिल हैं ।
7. 10% मूल्यवर्धितकर के रूप शुल्क और बिक्री कर को बिक्री कीमत ढांचे में शामिल नहीं किया जाएगा क्योंकि कम्पनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में प्रतिपूर्ति के लिए पात्र हैं ।
8. कम्पनी के लिए क्लीयरेंस तथा हैंडलिंग लागू नहीं होती ।
9. प्रतिवादी ने परिशिष्ट 8 में भारत को किए गए निर्यातों की फैक्टरी लागत और परिशिष्ट 9 और 10 में घरेलू बिक्री और गैर भारतीय देशों की फैक्टरी लागत प्रस्तुत की है ।
10. प्राधिकारी द्वारा दिनांक 21 जुलाई, 2002 को जारी कमियाँ दर्शाने वाले पत्र के प्रत्युत्तर में निर्यातक ने दिनांक 3 जुलाई 2002 को उत्तर प्रस्तुत किए हैं ।

(ख) मै0 हाओसंग कॉरपोरेशन, कोरिया

1. मै0 हाओसंग टी एण्ड सी की स्थापना 1966 में की गई थी । 1998 में टी एण्ड सी हाओसंग कॉरपोरेशन के साथ समायोजित हो गया था ।
2. एचसी ने संबंधित उत्पाद के उत्पादन में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री विदेशी और घरेलू सप्लायरों के क्रय की तथा जब विदेशी सप्लायरों से की गई खरीददारी के लिए उचित आयात शुल्क का भुगतान किया गया है । एच सी को कोरिया सरक़ार से शुल्क की वापसी भी हुई ।
3. एचसी ने परिशिष्ट 1 में घरेलू बाज़ार में बिक्री से संबंधित सूचना दायर की है । आंकड़े 1260डी/2 डिप फैब्रिक और 1890डी/2 डिप फैब्रिक के लिए हैं ।
4. भारत को किए गए निर्यात और 1260डी/2 कच्चे फैब्रिक और 1680डी/2 डिप तथा कच्चे फैब्रिक से संबंधित सूचना परिशिष्ट 2 में दी गई है ।
5. कम्पनी की वस्तुओं की बिक्री परिशिष्ट-3 में दी गई है ।
6. निर्यात और घरेलू बिक्रियों तथा भारत को छोड़कर अन्य देशों के लिए बिक्री कीमत ढांचा क्रमशः परिशिष्ट 4,5, और 6 में दिया गया है ।
7. लाईसेंसीकृत क्षमता, संस्थापन क्षमता, उत्पादन और बिक्री दर्शाने वाला विवरण परिशिष्ट 7 में दिया गया है ।

8. निर्यात और घरेलू बिक्री तथा भारत को छोड़कर अन्य देशों के लिए फैक्टरी लागत तथा लाभ क्रमशः परिशिष्ट 8,9 और 10 में दिए गए हैं ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

1. निर्यातक द्वारा दायर प्रत्युत्तर की जांच करने के पश्चात् निर्यातक को दिनांक 21 जून, 2002 को एक कमी दर्शाने वाला पत्र जारी किया था जिसमें प्रत्युत्तर की कमियों पर स्पष्टीकरण मांगा गया था । प्राधिकारी ने उपर्युक्त कमी दर्शाने वाले पत्र में यह भी उल्लेख किया था कि एच सी द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रत्युत्तर के अगोपनीय रूपांतर की प्रति अन्य हितबद्ध पार्टियों को प्रदान नहीं की गई थी ताकि वे अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत कर सकें । अगोपनीय प्रत्युत्तर की एक प्रति शीघ्र मांगी गई थी ऐसा न होने पर यह कहा गया था कि प्राधिकारी के पास संगत पाटनरोधी नियमावली के अर्थों में संपूर्ण प्रत्युत्तर को रद्द करने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं । कमी दर्शाने वाले पत्र में यह भी बताया गया था कि जांच अवधि तथा पिछले दो वर्षों में तुलनपत्र और लाभ एवं हानि लेखा की प्रतियां उपलब्ध नहीं कराई गई थी तथा एच सी से उन्हें प्रदान करने के लिए कहा गया था ।

2. प्राधिकारी नोट करते हैं कि एच सी, कोरिया ने कमी बताने वाले पत्र का कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया है ।

(ग) **मै थाई बड़ौदा, थाईलैंड**

1. थाई बड़ौदा ने एन टी सी एफ के दो प्रकारों की बिक्री की है: (क) " ए" ग्रेड एन टी सी एफ तथा (ख) "बी" ग्रेड एन टी सी एफ तथा ग्रेड की विशिष्टता निर्यात बीजक में दी गई है । कम्पनी ने भारत और घरेलू बाजार में केवल डिप्ड फैब्रिक बेचा है । तद्नुसार प्रदान की गई सूचना "ए" और "बी" ग्रेड में विभाजित डिप्ड एनटीसीएफ के संबंध में है ।

2. संबद्ध वस्तुएं डिनायरों की संख्या में बेची गई हैं । कम्पनी ने घरेलू बाजार में 840/2, 1260/2 तथा 1890/2 डिनायर की बिक्री की तथा भारत को 840/2, 1260/2, 1260/3 तथा 1680/2 डिनायर का निर्यात किया ।

3. थाई बड़ौदा इंडस्ट्रीज लि0 की स्थापना 1990 में एक लिमिटेड कम्पनी के रूप में की गई थी ।

4. कम्पनी, जांच अवधि में बिना सीमाशुल्क कच्चे माल के आयात के लिए पात्र थी । कम्पनी ने शुल्क दिए बिना कच्चा माल आयात करने के इस प्रेरक का उपयोग किया ।

5. कम्पनी ने घरेलू बाज़ार में बिक्री के ब्यौरे परिशिष्ट I में तथा भारत को बिक्री के ब्यौरे परिशिष्ट 2 में संलग्न किए हैं तथा बिक्री की मात्रा भारत और घरेलू बाजार को बिक्री के लिए प्रति यूनिट निवल बिक्री वसूली के ब्यौरे परिशिष्ट 3 में दिए गए हैं ।

6. भारत को निर्यात तथा घरेलू बाजार के संबंध में कीमत ढांचा तथा बिक्री प्रबंधन परिशिष्ट 4 तथा 5 में दिए गए हैं ।

7. लाइसेंस, संस्थापन क्षमता, उत्पादन तथा बिक्री पर सूचना, परिशिष्ट 7 में दी गई है । पिछली जांच अवधि से अब तक थाई बड़ौदा की क्षमता में कोई वृद्धि नहीं हुई है ।

8. भारत को निर्यात तथा घरेलू बाज़ार के लिए फैक्टरी लागत और बिक्री कीमत परिशिष्ट 8 और 9 में दी गई हैं । उन्होंने बताया है कि घरेलू बाज़ार में कम्पनी की बिक्री उत्पादन लागत से कम थी । इस प्रकार जांच अवधि में कम्पनी द्वारा घरेलू बाजार में की गई बिक्री व्यवहार्य बिक्रियां थीं ।

9. थाई बड़ौदा को निर्यातित वस्तुओं के उत्पादन में प्रयोग किए गए कच्चे माल के लिए शुल्क रहित आयात का लाभ प्राप्त हुआ था । घरेलू बाजार में बिक्री के लिए उत्पादित वस्तुओं के संबंध में बिना शुल्क कच्चे माल के आयात का लाभ प्राप्त नहीं था । उत्पादन में प्रयुक्त तकरीबन 90% कच्चे माल का आयात किया गया है । अतः कच्चे माल के आयात पर कम्पनी द्वारा सीमाशुल्क देने के कारण घरेलू बाज़ार में उत्पादन लागत अधिक है ।

10. भारत को निर्यातों के मामले में भुगतान साईट पर साख-पत्र पर किया जाता है । इसके विपरीत घरेलू बिक्रियां असुरक्षित है तथा घरेलू बिक्रियां साख-पत्र के आधार पर नहीं होती जिसके परिणामस्वरूप कम्पनी को घरेलू बाजार में बिक्रियों के संबंध में बहुत अधिक ऋण लेना पड़ता है तथा भुगतान सहमति अवधि के भी पश्चात् प्राप्त होता है । इस प्रकार भारत को निर्यात और घरेलू बाजार में बिक्रियों के संबंध में कम्पनी की चल पूंजी आवश्यकताएं भिन्न हैं ।

11. भारत में अधिकतर निर्यात बिक्रियों में कोई उधार नहीं है । घरेलू बाजार में बिक्रियां 30 दिन से 90 दिन तक के उधार पर होती हैं । इसके अतिरिक्त घरेलू बाजार में गैर वसूली बिक्रियां का जोखिम अधिक है ।

12. कम्पनी ने जांच अवधि के लिए लाभ एवं हानि विवरण और तुलन-पत्र तथा 30 सितम्बर, 1999 तथा 30 सितम्बर, 2000 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्षों तथा तीन माह की वित्तीय अवधि - अक्तूबर-दिसम्बर 2000 के लिए परीक्षित लेखे संलग्न किए हैं । तदन्तर कम्पनी ने जांच अवधि के लिए यथा-परीक्षित शेष परीक्षण समूहन, शेष परीक्षण, लाभ एवं हानि विवरण तथा तुलन-पत्र प्रस्तुत किए हैं ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

1. दिनांक 21 जून, 2002 के कमी दर्शाने वाले पत्र द्वारा प्राधिकारी ने स्पष्टीकरण और अतिरिक्त सूचना/प्रलेखन संबंधी सूचना मांगी थी । निर्यातक से जांच अवधि अर्थात् अप्रैल 2000-मार्च 2001 तथा पिछले दो वर्षों के लिए परीक्षित लाभ तथा हानि लेखा और तुलन-पत्र की एक-एक प्रति प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था ।

2. कम्पनी ने प्राधिकारी द्वारा दिनांक 5 जुलाई, 2002 को जारी कमी दर्शाने वाले पत्र का उत्तर दिया है । निर्यातक ने स्पष्ट किया है कि परिशिष्ट 1 में दी गई सूचना केवल डिप्ड फैब्रिक से संबंधित है क्योंकि थाई बड़ौदा ने जांच अवधि के दौरान न तो भारत को ग्रे फैब्रिक का निर्यात किया और न ही उसे घरेलू बाजार में बेचा । निर्यातक ने स्पष्ट किया है कि मूल जांच में भारतीय उत्पादकों द्वारा प्रदान की गई सूचना जिस रूप में प्रस्तुत की गई थी तथा प्राधिकारी द्वारा सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए जो प्रणाली अपनाई गई, उसको देखते हुए थाई बड़ौदा ने कम्पनी द्वारा दो बाज़ारों में की गई बिक्री के डिनायर अनुसार ब्यौरे प्रदान नहीं किए हैं । थाई बड़ौदा द्वारा प्रदान की गई इस सूचना को प्राधिकारी इसे महत्वपूर्ण मानेंगे एवं घरेलू उद्योग ने इसी प्रकार से सूचना प्रस्तुत की है ।

3. जहां तक थाई बड़ौदा के वित्तीय लेखों का संबंध है, यह स्पष्ट किया गया है कि पिछली अवधियों की तीन वार्षिक प्रकाशित रिपोर्टें उनके द्वारा पहले प्रस्तुत की गई हैं । जांच अवधि के लिए लाभ एवं हानि विवरण और तुलनपत्र कमी दर्शाने वाले पत्र के उनके उत्तर को साथ संलग्न था ।

4. प्राधिकारी द्वारा विभिन्न प्रश्नों के प्रत्युत्तर में निर्यातक ने कच्चा चिट्ठा और ग्रुपिंग तथा इन दस्तावेजों की यथा-परीक्षित प्रति भी प्रदान की ।

(घ) मै0 फोरमोसा टेफ्फटा कं0 लि0

1. कम्पनी ने घरेलू बाजार मे बिक्री से संबंधित सूचना अनुबंध 1 में प्रस्तुत की है । ग्रेड एन6 1680डी/2: एन6 1260डी/2 ग्रे: एन6 840डी/2 ग्रे और एन6 840डी/2 डीआईपी की कोई बिक्रियां नहीं हुई हैं ।
2. परिशिष्ट 2 में भारत को निर्यात से संबंधित सूचना ग्रेड एन6 1260डी/2, एन6 1689डी/2, एन6 840डी/2, एन6 1260डी/2 डीआईपी तथा 1680डी/2 डीआईपी के लिए दी है ।
3. कम्पनी की वस्तुओं की बिक्री परिशिष्ट 3 में दी गई है ।
4. भारत को निर्यात, घरेलू बिक्रियों तथा तीसरे देशों के लिए बिक्री कीमत ढांचा परिशिष्ट 4,5 तथा 6 में दिया गया है ।
5. भारत को निर्यात, घरेलू बिक्रियों तथा भारत को छोड़कर अन्य देशों के लिए फैक्टरी लागत और लाभ दिए गए हैं ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

1. प्राधिकारी द्वारा दिनांक 21 जून, 2002 द्वारा जारी कमी दर्शाने वाले पत्र का उत्तर निर्यातक द्वारा दिनांक 3 जुलाई 2002 को दिया गया था । उन्होंने स्पष्ट किया है कि एफटीसी की घरेलू बाजार में ग्रे एन टी सी एफ की कोई बिक्रियां नहीं हैं तथा कम्पनी ने ग्रे एन टी सी एफ केवल भारत को निर्यात किया है । इस उत्पाद से संबंधित पिछली जांचों में सामान्य मूल्य उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित किया गया था । वर्तमान जांच विद्यमान शुल्कों की समीक्षा है । ए एस एफ आई द्वारा समीक्षा के लिए दिए गए आधारों में सामान्य मूल्य के निर्धारण का आधार शामिल नहीं हो सकता और न ही ए एस एफ आई ने पिछले मामले में सामान्य मूल्य के निर्धारण के आधार को चुनौती दी है । ऐसे मामले होने के कारण एफ टी सी का विचार है कि इस मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण, घरेलू बाजार में ग्रे एन टी सी एफ की बिक्री न होने पर, उत्पादन लागत के आधार पर किया जाएगा । यह स्पष्ट किया जाता है कि कम्पनी ने डिप्ड एन टी सी एफ की बिक्री केवल घरेलू बाजार में की है । इन परिस्थितियों में एफ टी सी का विचार है कि घरेलू बाजार में विभिन्न उत्पादों की बिक्रियों के संबंध सूचना, वर्तमान जांच में प्रासंगिक नहीं है परंतु वह प्राधिकारी के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है ।
2. एफ टी सी का विचार है यदि प्रणाली का निर्धारण पिछली जांच में किया जा चुका है तो वर्तमान समीक्षा केवल सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के पुनर्निधारण तक सीमित रहेगी ।
3. इसके साथ-साथ निर्यातक ने डिप्ड एन टी सी एफ के संबंध में सूचना प्रदान की है तथा प्राधिकारी द्वारा बताई गई विभिन्न कमियों को दूर किया है । हालांकि कम्पनी ने लाभ एवं हानि विवरण और तुलन-पत्र विवरण प्रस्तुत किया है परंतु प्राधिकारी नोट करते हैं कि कम्पनी ने लेखा-परीक्षित विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट की प्रति प्रस्तुत नहीं की है तथा जिसे सरकारी प्राधिकारियों को प्रस्तुत किया जाना था ।

घ. आयातकों द्वारा किए गए निवेदनः-

(क) सीएट लि0

1. सीएट लि0 ने आयातक प्रश्नावली का प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया है ।
2. वे आटोमोटिव टायर, ट्यूब और फ्लैप के निर्माता हैं ।

3. जांच-अवधि सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान एन टी सी एफ के आयातों के ब्यौरे निम्नलिखित अनुसार हैं:

देश	1998-99			1999-2000			2000-01 (जांच अवधि)		
	मात्रा (एमटी)	मूल्य अमे.डा. (लाख)	दर रु./किग्रा	मात्रा (एमटी)	मूल्य अमे.डा. (लाख)	दर रु./किग्रा	मात्रा (एमटी)	मूल्य अमे.डा. (लाख)	दर रु./किग्रा
थाईलैंड	***	***	***	***	***	***	***	***	***
ताईवान	—	—	—	***	***	***	***	***	***
कुल	***			***			***		

डालर/रू0 परिवर्तन दर 1998-99 के लिए 41.98 रू0 1999-00 के लिए 43.80 रू0 तथा जांच अवधि के लिए 45.72 रू0 ली गई है ।

4. जांच अवधि हेतु शुल्क के लिए दायी आयातों के ब्यौरे निम्नलिखित अनुसार थे:

देश	मात्रा(एमटी)	मूल्य रू0/लाख	दर रू0/किग्रा.	पहुंच मूल्य रू0/किग्रा.	पहुंच मूल्य रू0/लाख
थाईलैंड					
डिप्ड फैब्रिक	***	***	***	***	***
ताइवान					
अन्डिप्ड फैब्रिक	***	***	***	***	***
कुल	***	***			***

उपर्युक्त से पता चलता है कि थाईलैंड से डिप्ड फैब्रिक के लिए पहुंच मूल्य ** रू0/किग्रा. तथा ताइवान से अन्डिप्ड फैब्रिक के लिए *** रू0/किग्रा. था ।

(ख) विक्रांत टायर लि0, मैसूर

1. विक्रांत टायर लि0 ने आयातक प्रश्नावली का प्रत्युत्तर दिया है ।

2. जांच अवधि सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान एन टी सी एफ के आयातों के ब्यौरे निम्नलिखित अनुसार हैं:-

देश	1998-99			1999-2000			2000-01 (जांच अवधि)		
	मात्रा (एमटी)	मूल्य रू0 (लाख)	दर रु./किग्रा	मात्रा (एमटी)	मूल्य रू0 (लाख)	दर रु./किग्रा	मात्रा (एमटी)	मूल्य रू0 (लाख)	दर रु./किग्रा
थाईलैंड									
दिया गया शुल्क	शून्य	—	—	शून्य	—	—	शून्य	—	—
शुल्क रौहत	***	***	***	***	***	***	—	—	
ताईवान							***	***	***

दिया गया शुल्क	शून्य	शून्य	शून्य	***	***	***	***	***	***
शुल्क रौहत	शून्य	—	—	***	***	***	***	***	***
कोरिया									
दिया गया शुल्क	शून्य	—	—	***.	***	***	शून्य	—	—
शुल्क रौहत	शून्य	—	—	—	—	—	—	—	—
कुल									

3. जांच अवधि के लिए शुल्क के भुगतान पर आयातों के ब्यौरे निम्नलिखित हैं:

देश	मात्रा(एमटी)	मूल्य रू0/लाख	दर रू0/किग्रा.	पहुंच मूल्य रू0/किग्रा.	पहुंच मूल्य रू0/लाख
थाईलैंड	***	***	***	***	***
इंडोनेशिया	***	***	***	***	***
कुल	***	***			***

4. उपर्युक्त से पता चलता है कि ताइवान से पहुंच मूल्य *** रू0/कि.ग्रा. तथा इंडोनेशिया से *** रू0/किग्रा. था ।

छ. प्राधिकारी द्वारा 3 जून, 2002 को आयोजित सार्वजनिक सुनवाई

I लिखित निवेदनों तथा प्रत्युत्तर में घरेलू उद्योग द्वारा व्यक्त किए गए विचारः

1. परिवर्तित परिस्थितियों के कारण समीक्षा की आवश्यकता थी

प्राधिकारी द्वारा अंतिम जांच परिणामों को 22 फरवरी 2000 को प्रकाशित करवाया गया था । वित्त मंत्रालय द्वारा 28 मार्च, 2000 को पाटनरोधी शुल्कों को अधिसूचित किया गया था । एक सप्ताह के अन्दर अर्थात् 01 मार्च, 2000 से सीमाशुल्क में 40% से 25% तक कम हो गया था । वित्त मंत्रालय द्वारा शुल्क को अधिसूचित करने से पहले ही पहुंच कीमत में 15% तक की कमी आई तथा प्राधिकारी द्वारा निर्धारित क्षति मार्जिन को पूर्णतया समाप्त कर दिया गया ।

सामान्यतः पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात् आयातों के कम होने की संभावना होती है । हालांकि इस मामला विशेष में उल्टा ही हुआ । पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात् आयातों की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई । भारत में एन टी सी एफ के कुल आयात जो वर्ष 1999-2000 में 11257 मी.टन थे वर्ष 2000-2001 के दौरान बढ़कर 20990 मी.टन हो गए इस प्रकार से उनमें 86% की वृद्धि हुई । केवल संबद्ध देश से ही आयात 1999-2000 में 10698 मी.टन से बढ़कर वर्ष 2000-01 के दौरान 19787 मी.टन हो गए अर्थात् उन्होंने 9089 मी.टन (85%) की वृद्धि दर्ज की । पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात् भी आयातों में बड़े पैमाने पर वृद्धि बताती है कि पाटनरोधी शुल्क के रूप में दी गई सुरक्षा पूर्णतया अपर्याप्त थी ।

इस तथ्य से इसकी संपुष्टि होती है कि प्राधिकारी द्वारा जांच में शामिल चार में से तीन देशों के बारे में निर्धारित पाटन मार्जिन बहुत अधिक थे । तथापि, क्षति मार्जिन पर आधारित शुल्क लगाए गए क्योंकि यह पाटन मार्जिन से कम थी ।

2. डीजीसीआईएस से प्राप्त अविश्वसनीय आंकड़े

मुम्बई, कोचीन तथा चेन्नई पोतों द्वारा जारी दैनिक सीमाशुल्क सूची के आधार पर हमने आयात आंकड़े प्रस्तुत किए हैं । दैनिक सीमाशुल्क अनुसूची के अनुसार वर्ष 2000-01 के लिए 20990 मी. टन आयात हुए जबकि उसी अवधि के लिए किसी एक विरोधी हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रस्तुत डीजीसीआईएस द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार 18253 मी.टन के कुल आयात हुए । स्पष्टतः ही डीजीसीआईएस आंकड़ों के वर्गीकरण और/या संकलन में कोई त्रुटि है जोकि आंकड़ों को अविश्वसनीय बनाती है । उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए हमने दैनिक सीमाशुल्क सूची से संकलित आंकड़ों पर विश्वास किया है । यह भी नोट किया जाए कि मूल जांच में भी दैनिक सीमाशुल्क सूचियों से संकलित आयात आंकड़ों को ही प्राधिकारी द्वारा स्वीकार किया गया है ।

3. नए देशों को समीक्षा में शामिल नहीं किया जा सकता

वर्ष 1999-2000 के दौरान चीन से आयात केवल 16 मी.टन थे जो कि जांच अवधि के दौरान बढ़कर 1116 मी.टन हो गए । 20990 मी.टन के कुल आयातों में से 1116 मी.टन के आयात चीन से हुए जो कि कुल आयात का 5.3% बनाते हैं । संबद्ध देशों से आयात कीमत के समान ही औसत आयात कीमत 140 रूपए प्रति कि.ग्रा. थी । तथापि, जांच समीक्षा में कोई भी ऐसे देशों को प्रस्तुत नहीं कर सकता जो कि मूल जांच में शामिल नहीं हैं ।

4. कुछ निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तरों पर टिप्पणियां

(क) **मैसर्स थाई बड़ौदा इंडस्ट्रीज, थाईलैंडः** अन्य बातों के साथ-साथ इस निर्यातक ने (i) बिक्री खर्चों, तथा (ii) उत्पाद मिश्रण अंतर के लिए कटौती का दावा किया है ।

बिक्री खर्चों के अंतर्गत उन्होंने कहा है कि कुछ अप्रत्यक्ष बिक्री खर्चों का लाभ केवल घरेलू बिक्रियों के लिए ही उपलब्ध था, इसलिए उन्होंने अपनी घरेलू बिक्री फाइलों से इसके लिए कटौती का दावा किया है । यह पाटनरोधी नियमावली के विरूद्ध नहीं है । उनके निवेदनों से यह स्पष्ट है कि इस प्रकार के अप्रत्यक्ष खर्चे वास्तव में घरेलू बिक्रियों के लिए किए जाते हैं । यदि इस प्रकार के खर्चों को घरेलू एस जी एंड ए निकालने के लिए शामिल नहीं किया जाएगा तब घरेलू एसजीएंडए को उसी सीमा तक माना जाएगा । उनके अपने शब्दों में वे अप्रत्यक्ष बिक्री खर्चे घरेलू बिक्रियों को लाभ पहुंचाते हैं । इन परिस्थितियों के अंतर्गत इसे अलग नहीं रखा जा सकता ।

उत्पाद मिश्रण अंतर के नाम पर उनके द्वारा बहुत बड़ी कटौती का दावा किया गया है । उन्होंने निर्यात तथा घरेलू बिक्री के लिए कुल उत्पादन लागत को लिया है । दोनों की तुलनाओं से उन्होंने निर्यात बिक्री के लिए कच्ची सामग्री के शुल्क रहित आयात के कारण कच्ची सामग्री लागत की तुलना को अलग रखा है । निर्यात उत्पादन तथा घरेलू उत्पादन के लिए लागत के शेष अंतर पर "उत्पाद मिश्रण अंतर" के कारण कटौती के रूप में दावा किया गया है । पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 6(i) में प्रावधान है कि वे भौतिक विशेषताएं, जो कीमत तुलनीयता को प्रभावित

करती हैं, में अंतरों के कारण छूट दी जानी चाहिए । इस प्रकार की छूट प्राप्त करने के लिए निर्यातक को भौतिक विशेषताओं में अंतर सिद्ध करना चाहिए तथा वस्तुपरक एवं सत्यापनीय मानदंड का प्रयोग करते हुए मौद्रिक अर्थों में उन विशेषताओं की मात्रा का वर्णन भी करना चाहिए । उत्पादन लागत का संपूर्ण अंतर भौतिक विशेषताओं में अंतर के कारण ही नहीं हो सकता । अन्य मामलों में भी प्राधिकारी इस विचार के अनुरूप चला है विशेषतः थाइलैंड से एक्रीलिक फाइबर पर पाटनरोधी जांच के मामले में । इस प्रकार से यह दावा नियमावली तथा पद्धति के विरूद्ध है ।

(ख) मैसर्स फार्मोसा टैफेटा कं0 लि0, ताइवान

निर्यातक ने अपने प्रत्युत्तर में 36 पृष्ठ का अगोपनीय रूप प्रस्तुत किया है जिसमें सभी 36 पृष्ठ खाली हैं । उन्होंने केवल निर्यातक प्रश्नावली का प्रारूप ही पुनः प्रस्तुत किया है, उसमें पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में एक भी शब्द नहीं लिखा है । यह अति आपत्तिजनक है । चीन तथा यू.ए.ई. से विट्रिफाइड टाइलों के आयात के हाल ही के मामले में यू ए ई के जिस निर्यातक ने उचित अगोपनीय रूप प्रस्तुत नहीं किया उसे "असहयोगी निर्यातक" माना गया तथा पाटन मार्जिन की गणना "उपलब्ध सर्वोच्च सूचना" के आधार पर की थी । हमारा कथन है कि इस निर्यातक से भी उसी तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए । अन्यथा, यह पूर्व-उदाहरण बन जाएगा तथा अन्य निर्यातक भी अपने अगोपनीय रूपों में कोई सूचना न देने के लिए प्रोत्साहित होंगे ।

(ग) मैसर्स पी टी जी टी पेट्रोकैम इंडस्ट्रीज, इंडोनेशिया

निर्यातक ने भारत में केवल ग्रे फैब्रिक का निर्यात किया है तथा अपने घरेलू बाजार में केवल डिप्ड फैब्रिक का विक्रय किया है । उचित तुलना के लिए उन्होंने डिप्ड फैब्रिक की निर्यात कीमत का परिकलन ग्रे फैब्रिक की वास्तविक निर्यात कीमत से किया है । यह निवेदन किया जाता है कि उनके कहे अनुसार निर्यात कीमत का पिरकलन नहीं किया जा सकता । निर्यात कीमत का पिरकलन केवल कुछ परिस्थितियों के अंतर्गत ही किया जा सकता है बशर्ते उनका स्पष्टीकरण धारा 9 क(i)से बी के तहत होना चाहिए । वे परिस्थितियां हैं (क) जबकि कोई निर्यात कीमत न हो या (ख) जबकि निर्यातक, आयातक या तीसरी पार्टी के बीच सांझेदारी या प्रतिपूरक व्यवस्था हो । इस मामले में निर्यात कीमत उपलब्ध है इसलिए निर्यात कीमत का पिरकलन नहीं किया जा सकता । उचित तुलना के लिए घरेलू बाजार में ग्रे फैब्रिक के लिए सामान्य मूल्य का पिरकलन करने की आवश्यकता है । यह डिप्ड फैब्रिक की घरेलू बिक्री कीमतें लेकर तथा उसे डिपिंग की लागत से घटाकर किया जा सकता है । प्राधिकारी से अनुरोध किया जाता है कि वह उनके दावों की सावधानीपूर्वक जांच करें तथा निर्यात कीमत को परिकलित करने के स्थान पर सामान्य मूल्य का परिकलन करें ।

5. कारणात्मक संबंध

यह निवेदन किया जाता है कि पाटित आयातों से घरेलू उद्योग को उपर्युक्त अनुसार क्षति हुई है । प्राधिकारी ने पहले ही मूल जांच के दौरान पाटित आयातों तथा घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच पहले ही कारणात्मक संबंध का निर्धारण किया है । मूल जांच की समाप्ति के पश्चात् भी घरेलू उद्योग को क्षति होना जारी रहा और वह भी उच्च स्तर पर क्योंकि केवल एक ही वर्ष में पाटित

आयातों में 85% से अधिक की वृद्धि हुई । यह पूर्णतया क्षति मार्जिन की समाप्ति के कारण हुआ जो कि सी आई एफ कीमतों तथा पहुंच में और गिरावट की वजह से हुई थी ।

प्रत्युत्तर द्वारा निवेदन

(क) थाई बड़ौदा इंडस्ट्रीज लि0 के बारे में निवेदन

पैरा 2 में थाई बड़ौदा ने निवेदन किया है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने समीक्षा जांच की शुरूआत, बिना किसी औपचारिक याचिका के, हमारे द्वारा दायर किए गए पत्र के आधार पर की है । यह निवेदन सत्य से परे है । नियम 23 में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा अनवरत पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की आवश्यकता का प्रावधान है । यह नियम स्पष्ट तौर पर यह नहीं बताता कि जांच का प्रारंभ निर्दिष्ट प्राधिकारी अपनी ओर से करेगा या हितबद्ध पार्टी के कहने पर । तथापि, नियम में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि यह समीक्षा निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा प्राप्त की गई सूचना पर आधारित होगी। नियम 23 में इस बात का उल्लेख नहीं है कि कथित सूचना औपचारिक याचिका के रूप में उपलब्ध करवाई जानी चाहए । इसके अतिरिक्त नियम 23(3) इस बात को भी स्पष्ट करता है कि नियम 6 से 11 तथा 16 से 20 के प्रावधान समीक्षा के मामले में लागू होंगे । इस सांविधिक प्रावधान के विपरीत निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट फार्म में आवेदन दायर करने की आवश्यकता के बारे में नियम 5 में प्रावधान है । नियम 23(3) नियम 5 का विशेष रूप से वर्णन करता है । नए सिरे से जांच को आरंभ करने के लिए यह अपेक्षित है कि याचिका या आवेदन को नियम 5 के अर्थों में प्राधिकारी द्वारा निर्धारित फार्म में ही होना चाहिए । इस प्रकार के आवेदन की निर्णायक समीक्षा या नियम 23(3) के अंतर्गत समीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है । इस प्रकार के मामलों में महत्वपूर्ण यह है कि प्राधिकारी को ऐसी सूचना प्राप्त होनी चाहिए जो समीक्षा को शुरू करने की आवश्यकता को सिद्ध करे । इसलिए यह निवेदन कि घरेलू उद्योग द्वारा औपचारिक याचिका दायर नहीं की गई, को एक ही बार में अस्वीकार कर देना चाहिए । इसके अतिरिक्त, पत्र, जैसाकि थाई बड़ौदा इसे कहती है, समीक्षा की आवश्यकता तथा आयात एवं क्षति पर आंकड़े उपलब्ध करवाता है ।

2. अगला निवेदन यह है कि मैसर्स लक्ष्मीकुमरन तथा श्रीधरन के पक्ष में प्राधिकार नहीं है । तथ्यात्मक रूप से यह निवेदन अनुचित है । समीक्षा के लिए अनुरोध हेतु मुख्तारनामा उत्पादक द्वारा जारी किया गया जिसे निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किया गया । इन मुखतारनामों को निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किया गया । इन मुख्तारनामों को निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा सार्वजनिक फाइल में नहीं रखा जाएगा ।

3. यह निवेदन कि याचिकाकर्त्ता ने 'अब नए आधार पेश किए हैं' तथा मौखिक सुनवाई पर तर्क दिए गए थे, समीक्षा की आवश्यकता को उचित ठहराते हैं, भी अनुचित है । हमारे आवेदन के अगोपनीय रूप का अवलोकन पैरा 3.2 से 3.6 में आयातों की मात्रा में वृद्धि के मामले को इंगित करेगा । इसी प्रकार से क्षति सूचकों के बारे में पैरा 4.1 से 4.6 में बताया गया था । पैरा 5.1, जो आवेदन का सार प्रस्तुत करता है, स्पष्ट रूप बाता है कि घरेलू उद्योग को दी गई सुरक्षा को समाप्त कर दिया गया है जिसके कारण आयातों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा अनवरत पाटन के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है । इस प्रकार से समीक्षा शुरू करने के लिए आवश्यक संघटक तथा पाटनरोधी शुल्क का जारी रखना इस आवेदन में निहित थे । अगोपनीय रूप भी यह सारी सूचना देताहै । ऐसा प्रतीत होता है कि थाई बड़ौदा ने आवेदन के अगोपनीय रूप की संवीक्षा नहीं की है । इसलिए यह निवेदन भी अस्वीकार करने योग्य है ।

जांचाधीन उत्पाद तथा समान वस्तु के बारे में

4. थाई बड़ौदा ने स्वीकार किया है कि उनके द्वारा निर्यातित एन टी सी एफ तथा आवेदक द्वारा विनिर्मित एन टी सी एफ समान वस्तुएं हैं । उन्होंने बताया है कि उत्पाद की कीमतें तथा लागत डिनायर्ज के संदर्भ में भिन्नता रखती हैं । हमारा यह नम्र निवेदन है कि यह जांच को किसी भी प्रकार से भिन्न नहीं बनाती । बड़ौदा से अपेक्षा की जाती है कि वे उनके द्वारा निर्यातित एन टी सी एफ के ब्यौरे उपलब्ध करवाएं ।

ग्रे फैब्रिक तथा डिप्ड फैब्रिक के ब्यौरे अलग से दिए जाने चाहिएं । इन दोनों श्रेणियों में विभिन्न डिनायर्जों के लिए अलग परिशिष्ट होने चाहिएं । उनके द्वारा प्रत्येक डिनायरेज के लिए उत्पादन लागत अलग से प्रस्तुत की जाएगी । निर्यातकों की प्रश्नावली में निर्यातकों से विशेष रूप से अनुरोध किया गया है कि वे प्रत्येक ग्रेड के लिए अलग परिशिष्ट उपलब्ध करवाएं । यदि इस प्रकार से सूचना उपलब्ध करवाई जाती है तो प्राधिकारी पाटन मार्जिन निकालने के लिए समान वस्तुओं का सामान्य मूल्य तथा निर्यात कीमत (8400 डिप्ड थाईलैंड में साथ ही भारत में 840 डिप्ड इत्यादि) के बीच तुलना करेगा । चूंकि उत्पाद जिस पर पाटनरोधी शुल्क लगाया है, वह नॉयलान टायर कोर्ड फैब्रिक है, इसलिए प्राधिकारी को प्रत्येक उत्पाद के प्रकार के लिए पाटन मार्जिन को एकल औसत दर पर इकट्ठा करना है । यह प्रक्रिया उनकी विभिन्न लागतों तथा विभिन्न बिक्री कीमतों के बारे में किए गए निवेदनों का ध्यान रखेगी । यह तर्क कि घरेलू तथा निर्यात कीमतों की तुलना नहीं की जा सकती, पूर्णतः असत्य है ।

पाटन तथा पाटन मार्जिन

5. वर्तमान जांच से हम निवेदन करते हैं कि प्राधिकारी ने पाया कि थाई बड़ौदा की घरेलू बिक्री उत्पादन लागत से कम पर भी अर्थात् घरेलू बिक्रियां व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अंतर्गत नहीं थी। तद्नुसार, प्राधिकारी ने 67.33% का पाटन मार्जिन निर्धारित किया । हम यह निवेदन करते हैं कि वर्तमान जांच में भी वही स्थिति प्रचलित है । हमारा प्राधिकारी से यह अनुरोध है कि वह थाई बड़ौदा द्वारा उपलब्ध करवाए लागत आंकड़ों की, विशेषतौर से ब्याज लागत की, बहुत सावधानीपूर्वक जांच करें । उनका निवेदन कि कीमतें उत्पादन लागत से अधिक हैं, को भी गंभीरतापूर्वक नहीं लेना चाहिए।

6. यह निवेदन कि थाई बड़ौदा से आयातों की मात्रा में कमी हुई है, निराधार है । जब चार देशों से हो रहे आयातों की समीक्षा एक साथ की जा रही है तो यह प्राधिकारी द्वारा स्थापित एवं अनुमोदित पद्धति है कि इन सभी देशों से हो रहे आयातों की गणना एक साथ की जाए । सीमाशुल्क दैनिक सूचियों से एकत्रित आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि थाईलैंड से आयातों की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है । यह एक सामान्य ज्ञान की बात है कि सभी मामलों में डीजीसीआईएस के आंकड़े विश्वसनीय नहीं हैं । ऐसी बहुत सी घटनाएं हैं जिनमें प्राधिकारी ने डीजीसीआईएस से प्राप्त आंकड़ों को नहीं माना है तथा गौण स्रोतों से प्राप्त साक्ष्यों का सहारा लिया है । मूल जांच में इस मामले में प्राधिकारी ने इसी पद्धति को अपनाया है । क्या निर्यात कीमत और उसके परिणामस्वरूप पहुंच कीमत में वृद्धि हुई है या कथित पहुंच मूल्य घरेलू उत्पादकों की कीमतों में कटौती कर रहा है। कुछ ऐसे तथ्य हैं जिनकी जांच प्राधिकारी द्वारा की जाएगी ।

क्षति तथा कारणात्मक संबंध

7. थाई बड़ौदा का यह निवेदन है कि सेंचुरीऐंका, जोकि मूल जांच में घरेलू उद्योग का हिस्सा था, की भी प्राधिकारी द्वारा जांच की जानी चाहिए । हम सुनिश्चित रूप से यह बताते हैं कि इसमें ऐसी कोई आवश्यकता नहीं है । नियम 23 में ऐसा कहीं नहीं बताया गया कि समीक्षा में घरेलू उद्योग वही होना चाहिए जो कि मूल जांच में है । वास्तव में, आधार का प्रमाण देने की इसमें कोई आवश्यकता नहीं क्योंकि नियम 23(3) द्वारा नियम 5 का विशेष रूप से लोप किया गया है । नियम 23 किसी भ्झी हितबद्ध पार्टी को यह हक देता है कि वह समीक्षा की आवश्यकता को तर्कसंगत बताते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी को सूचना उपलब्ध करवाए । इसलिए, यह निवेदन कि सेंचुरी ऐंका की भी जांच की जानी चाहिए, बिना किसी कानूनी आधार के है ।

8. वर्तमान में प्राधिकारी डेनमार्क से कैटालिस्ट के आयात पर निर्णायक समीक्षा कर रहा है । इस मामले में, मूलतः घरेलू उद्योग यू सी आई एल तथा पी डी आई एल का बना है । वर्तमान निर्णायक समीक्षा में समीक्षा के लिए अनुरोध केवल यू सी आई एल द्वारा किया गया है । पी डी आई एल अस्तित्व में तो है परंतु इसने आवेदन का समर्थन नहीं किया है इसलिए प्राधिकारी ने इसके आंकड़ों का सत्यापन नहीं किया है । मौखिक सुनवाई के दौरान इस पहलू को निर्दिष्ट प्राधिकारी के सम्मुख लाया गया था । कैटेलिस्ट तथा एनटीसीएफ के मामलों में निर्दिष्ट प्राधिकारी की कार्यवाही कानून के अनुसार थी । निर्दिष्ट प्राधिकारी के पास यह अधिकार नहीं है कि वह किसी भी हितबद्ध पार्टी को सूचना उपलब्ध करवाने के लिए बाध्य करे और न ही उसके पास यह अधिकार है कि वह कथित पार्टी की सहमति लिए बना किसी भी हितबद्ध पार्टी की सूचना का सत्यापन करे । यह केवल घरेलू उद्योगों पर ही नहीं अपितु निर्यातकों तथा आयाताकें पर भी लागू होता है । यहां तक कि गोपनीय सूचनाओं के मामले में प्राधिकारी को यह अधिकार नहीं है कि वह अन्य पक्षकारों को इससे अवगत कराए तब भी नहीं जबकि प्राधिकारी का यह विचार हो कि गोपनीयता के अनुरोध का उचित कारण नहीं है । गोपनीय सूचना तथा प्रत्युत्तर दोनों के मामले में प्राधिकारी को यह अधिकार है कि वह सूचना को अस्वीकार कर दे जब सत्यापन को स्वीकार नहीं किया गया । इसलिए, सीईएल को आवेदन का हिस्सा बनने के लिए बाध्य करने का या उनसे आंकड़ों के लिए अनुरोध करने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

9. यह निवेदन कि मूल जांच में याचिकाकर्त्ता को वित्तीय नुकसान नहीं हुआ फिर से पूर्णतया असत्य कथन है । इसके अतिरिक्त मूल जांच में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा दिए गए आदेश पर थाई बड़ौदा इंडस्ट्रीज द्वारा चुनौती दी गई थी । वे उसमें सफल नहीं हुए । इसलिए पाटन, वास्तविक क्षति तथा कारणात्मक संबंध के बारे में मूल जांच में निर्दिष्ट प्राधिकारी के जांच परिणामों की पुष्टि सीगैट द्वारा की गई । थाई बड़ौदा अब यह प्रस्तुत नहीं कर सकती कि मूल जांच में क्षति नहीं हुई थी । वास्तव में उनके निवेदन से न्यायालय का अवमान होता है । इस संबंध में हम माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी का ध्यान सीगैट के दिनांक 6.11.2000 के आदेश सं0 37-40/2000-एडी के पैरा 5 की ओर आकृष्ट करते हैं । सीगैट इस निष्कर्ष पर पहुंची कि "प्राधिकारी स्पष्ट जांच परिणामों पर पहुंच गया है, घरेलू उद्योग को क्षति हुई तथा इस प्रकार की क्षति का संबंध जांचाधीन देशों से हुए आयातों से था.....अपील असफल रही इसलिए अस्वीकृत की जाती है ।"

10. इसलिए हम माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी से अनुरोध करते हैं कि मूल जांच के किसी भी पहलू पर थाई बड़ौदा तथा अन्य हितबद्ध पार्टियों के निवेदन को अस्वीकार कर दिया जाए । सीगैट का निर्णय पूर्व-न्याय निर्णित है ।

11. यह निवेदन कि आवेदक की वित्तीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ तथा आयातों की पहुंच कीमत कथित एनआईपी से अधिक थी, कुछ ऐसे तथ्य हैं जिनकी पुष्टि प्राधिकारी से अपेक्षित है । थाई बड़ौदा के पास ऐसा कोई आधार नहीं है कि वह ऐसे बेबुनियादी निष्कर्षों पर पहुंचे ।

12. अन्य देशों से आयातों से क्षति पर निवेदन के संबंध में हम निवेदन करते है कि वर्तमान समीक्षा में शामिल चार देशों से अतिरिक्त 3% न्यूनतम स्तर से अधिक एन टी सी एफ का निर्यात करने वाला एकमात्र देश चीन है । यह सामान्य ज्ञान की बात है कि समीक्षा उन देशों के विरूद्ध की जा रही है जिनकी मूलतः जांच हो चुकी है । नए देश को मूल जांच में शामिल नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त, यह तथ्य कि चीन से कीमत अन्य चार देशों की कीमतों से तुलनीय है, स्वयमेव ही यह सिद्ध नहीं करता कि चीन पाटन कर रहा है । जो भी हो, हम इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं कि क्या चीन वस्तुओं का पाटन कर रहा है । मामला चाहे जो भी हो, जहां तक क्षति तथा कारणात्मक संबंध का मामला है मुख्य कारण चार देशों से आयातों का है, जिनका मिलकर 19787 मी.टन का हिस्सा है जबकि चीन से अकेले ही 1116 मी.टन की मात्रा का हिस्सा है । इसलिए कारणात्मक संबंध मुख्यतः इन चार देशों से है । थाई बड़ौदा का निवेदन भी अस्वीकार करने योग्य है।

13. स्टील बिलेट के जांच परिणामों पर उनके निवेदन के संबंध में, थाई बड़ौदा इस तथ्य को भूल गया कि उस मामले में हितबद्ध पार्टियों के निवेदन को निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा स्वीकार नहीं किया गया था । परिणामस्वरूप, कथित निर्णय एक पूर्व-उदाहरण बन गया तथा निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए बाध्यकारी हो गया । यदि उस पूर्व उदाहरण का अनुसरण किया जाए तो निष्कर्ष यह निकलता है कि वास्तविक क्षति का मुख्य कारण चीन नहीं अपितु ये चार देश हैं । वास्तव में, थाई बड़ौदा हमारे मामले की पैरवी कर रहा है ।

उपर्युक्त के मद्देनजर, थाई बड़ौदा के सभी निवेदन खारिज करने के योग्य हैं ।

ख. आत्मा के संबंध में निवेदन

ख.1 1 से 7 तक के पैरे आत्मा के संबंध में कुछ आंकड़ों के साथ उनके निवेदनों तथा उनके द्वारा एनटीसीएफ की खपत के बारे में बताते हैं ।

ख.2 8 तथा 9 पैरा आयातों की आवश्यकता का औचित्य बताते हैं । इस पैरा में आत्मा के निवेदन उनके सही तालमेल के बारे में नहीं बताता । यह सत्य हो सकता है कि भारत में मांग भारत में किए जाने वाले उत्पादन से अधिक हो सकती है तथा इसलिए आयात एक आवश्यकता है । तथापि, इस प्रकार की परिस्थिति सह ये मतलब नहीं कि उन सभी मामलों में जहां घरेलू मांग घरे आपूर्ति से अधिक है, वहां किसी भी प्रकार की पाटनरोधी कार्यवाही नहीं की जाएगी । यह मामला आयात की आवश्यकता का नहीं अपितु " उचित कीमतों " पर आयातों का है । आयातों की मात्रा मांग आपूर्ति अंतर से अधिक हो सकती है बशर्ते कीमतें "उचित" हों । पाटनरोधी जांच में अनुचित व्यापार पद्धति

के रूप में "कीमत विभेदीकरण" एक संगत प्रश्न है । यह एक ऐसा पहलू है जिसकी जांच की जानी है । यह देखना महत्वपूर्ण नहीं है कि क्या भारत में मांग आपूर्ति से अधिक या कम है ।

ख.3 10 से 14 तक के पैरे अग्रिम लाइसेंसों के अंतर्गत किए गए एनटीसीएफ के आयात के बारे में बताते हैं तथा साथ ही इस निवेदन के बारे में भी बताते हैं कि अग्रिम लाइसेंसों के अंतर्गत किए गए आयातों को विश्लेषण से अलग रखना चाहिए । किसी भी सांविधिक पक्ष द्वारा इसका समर्थन नहीं किया गया । यह सत्य है कि अग्रिम लाइसेंसों के अंतर्गत किए गए आयातों को पाटनरोधी शुल्क से छूट मिली है । यह प्रावधान ऐसे आयातों की वर्तमान जांच या उसके बाद लगाए जाने वाले शुल्क से प्रतिरक्षा करता है । निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा अब क 90 से अधिक जांचें की जा चुकी हैं । ईओयू या ईपीजेड द्वारा या अग्रिम लाइसेंसों के अंतर्गत किए गए आयातों को अलग रखने की ऐसी कोई पद्धति नहीं है । अग्रिम लाइसेंसों के अंतर्गत किए गए आयातों को अलग रखने तथा उनकी पहचान करने के लिए कोई सांख्यिकीय डाटाबेस नहीं है । इसलिए, यह निवेदन भी खारिज करने योग्य है ।

ख.4 15 से 20 तक के पैरा उनके इस निवेदन के बारे में बताते हैं कि स्पिन ड्रा प्रक्रिया से तैयार एनटीसीएफ रूढ़िवादी प्रक्रिया से तैयार एनटीसीएफ से भिन्न है इसलिए पहली वाली श्रेणी के एनटीसीएफ के आयात पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए ।

ख.5 मूल जांच में भी उनके द्वारा उपर्युक्त तर्क दिया गया था । इस तर्क को निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया । इस अस्वीकृति से दुखी होकर आत्मा ने सीगैट में अपील की । स्पिन ड्रा प्रक्रिया द्वारा तथा अन्य प्रक्रियाओं द्वारा विनिर्मित एनटीसीएफ को अलग माना जाना चाहिए, के निवेदन को सीगैट द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया । अंतिम आदेश के पैरा 5 में माननीय सीगैट निम्नलिखित निष्कर्ष निकालती है:

"यह निवेदन कि आयातित वस्तुएं भिन्न प्रक्रिया से बनाई जाती हैं तथा आयातित वस्तुएं गुणवत्ता में भी भिन्न होती हैं, जांच परिणामों को अमान्य नहीं ठहराता । पाटनरोधी कानून के अंतर्गत विनिर्माण प्रक्रिया संगत कारक नहीं है । गुणवत्ता का अंतर भी महत्वपूर्ण नहीं है । आयातित वस्तुओं तथा घरेलू उत्पादित वस्तुओं का एक ही प्रयोग है इसलिए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा उन्हें 'समान वस्तु' माना गया है । इन तथ्यों तथा परिस्थितियों में इन अपीलों में किए गए निवेदनों में कोई गुण नहीं है । अपीलों को रद्द किया जाता है ।"

ख.6 सीगैट के सुस्पष्ट आदेश को ध्यान में रखते हुए, यह मामला पूर्ण हो चुका है तथा पूर्व न्याय-निर्णित की तरह चल रहा है । आत्मा का निवेदन सीगैट के अंतिम जांच परिणामों की अवमानना करता है ।

ख.7 11 तथा 12 पैरा आयात शुल्क में कमी के बारे में बताते हैं । यह निवेदन रद्द करने योग्य है। आवेदकों ने निर्दिष्ट प्राधिकारी से निवेदन किया है कि मूल जांच में पाटनरोधी शुल्क क्षति मार्जिन पर आधारित है । क्षति मार्जिन पहुंच मूल्य पर आधारित है तथा पहुंच मूल्य जांच अवधि के दौरान प्रचलित सीमाशुल्क की दर पर आधारित है । मूल जांच के पश्चात् सीमाशुल्क में किसी भी परिवर्तन से क्षति मार्जिन में कटौती होगी तथा इसलिए उसके पास समीक्षा करवाने का कानूनी अधिकार है । यह मामला भारत सरकार द्वारा सीमा शुल्क में कमी करने के पीछे उद्देश्य ढूंढने का नहीं है । यह

मामला यह जानने के बारे में है कि क्या कमी के कारण परिस्थितियां ऐसी हो गई हैं जिनमें समीक्षा की आवश्यकता है । पैरा फ.2 सेंचुरी ऐंका तथा चीन से हुए आयातों के बारे में बताता है जिन्हें पहले ही उपरोक्त पैरा क.9, क.10, क.14 तथा क.15 द्वारा इंगित किया जा चुका है ।

ख.8 पैरा फ.3 तथा 26 में आत्मा ने क्षमता वृद्धि तथा परिणामी कारकों का मामला इंगित किया है। यह ज्ञात नहीं है कि किस आधार पर आत्मा ने क्षमता वृद्धि का निवेदन किया था । हमने हमारे आवेदन के पैरा 4.1 में स्थ्ज्ञापित क्षमता के ब्यौरे प्रस्तुत किए थे । उससे यह देखा जा सकता है कि वर्ष 1998-99 से 200-2001 (जांच अवधि) में स्थापित क्षमता एक जैसी रही है । यह ज्ञात नहीं है कि किस आधार पर आत्मा ने घरेलू उत्पादकों की क्षमता वृद्धि के बारे में निवेदन किया था । इसलिए पैरा 26 में दिए गए उनके निवेदनों का कोई परिणाम नहीं निकलता ।

ख.9 पैरा फ.4 में किया गया निवेदन कि पहुंच मूल्य बढ़ गया है, को जांच अवधि के दौरान एनआईपी के संदर्भ में लिया जाएगा । अमेरिकी डालर के मुकाबले रूपये में ह्रास एक ऐसा कारक है जिससे पहुंच मूल्य बढ़ जाता है परंतु डालर के अर्थों में कीमतों में कमी आई है । इसी पकार से पैरा फ.5 में किया गया निवेदन कि एनटीसीएफ अंतर्राष्ट्रीय कीमतों का अनुसरण कर रहा है एक बार फिर से असंगत है । पाटन में, हम निर्यात कीमत की तुलना में निर्यातकों की घरेलू कीमत लेते हैं । अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की भारत में निर्यात कीमतों से तुलना करने पर ही हम पाटन शुल्क नहीं लगात ।

ख.10 फ.6 पैरा में तुलन-पत्र विश्लेषण के बारे में किया गया निवेदन भी असंगत है । एस आर एफ बहु-उत्पाव कंपनी है । इसके द्वारा कमाया गया कुल लाभ संगत नहीं है । मामला यह है कि इसने यह लाभ उत्पादन में कमाया या संबंधित उत्पाद अर्थात् एनटीसीएफ की बिक्री से । एक बार फिर से यह निवेदन मूल जांच में किया गया और इसे रद्द कर दिया गया । निर्दिष्ट प्राधिकारी के आदेश की संपुष्टि सीगैट द्वारा भी की गई ।

ख.11 32 से 34 तक के पैरों में क्षति तथा कारणात्मक संबंध के बारे में किए निवेदनों को रद्द किया जाना है । क्षति के विभिन्न मानदंडों के ब्यौरे निर्दिष्ट प्राधिकारी को उपलब्ध करवाए गए जो स्पष्टतया इस बात का उल्लेख करते हैं कि समीक्षा की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई । आयातों की बढ़ी हुई मात्रा, कीमत न्यूनीकरण/ह्रास तथा लाभ में कमी/हानि को लेकर कारणात्मक संबंध निर्धारित किया है । एस आर एफ तथा सेंचुरी एंका, निर्लोन, एन आर सी तथा बी आर सी को अलग करके कारणात्मक संबंध का विश्लेषण कानूनी तौर पर मान्य नहीं है । पाटन तथा वास्तविक क्षति के बीच वास्तविक क्षति तथा कारणात्मक संबंध की गणना " घरेलू उद्योग " न कि व्यक्तिगत उत्पादकों के लिए की जाएगी ।

ख.12 उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए हमारा सनम्र निवेदन है कि आत्मा का निवेदन रद्द किए जाने योग्य है ।

ग. <u>मैसर्स फॉर्मोसा टेफेटा कं0 (एफ टी सी) के निवेदन पर</u>

ग.1 अपने निवेदन के पैरा 1 व 2 में एफ टी सी ने एफ टी सी का पाटनरोधी शुल्क शून्य होने के आधार पर उसके विरूद्ध की गई समीक्षा पर प्रश्न किया है । इस संदर्भ में उन्होंने धारा 9 क(5) तथा नियम 23 का संदर्भ दिया है ।

ग.2 धारा 9 क (5) पाटनरोधी शुल्क की 5 वर्ष की अवधि की समाप्ति से पहले प्राधिकारी द्वारा की गई निर्णायक समीक्षा की समाप्ति पर लागू होती है । यह धारा अंतरिम समीक्षा पर लागू नहीं होती । इसके अतिरिक्त धारा 9 क(5) में पहली शर्त है कि क्या प्राधिकारी पाटन को अनवरत रखेगा या आवर्ती इसकी प्राधिकारी द्वारा जांच की जानी है । पाटन का आवर्तन होने से पहले ये मान लिया गया कि पहले पाटन नहीं हुआ था । इसलिए धारा 9 क(5) के अर्थों में एफ टी सी को समीक्षा में शामिल किया जाएगा भले ही मूल जांच में एफ टी सी के लिए पाटन मार्जिन शून्य था ।

ग.3 अंतरिम समीक्षाओं के मामले में नियम 23 लागू होता है जो कि किसी हितबद्ध पार्टी, जिसमें निर्यातक, आयातक घरेलू उद्योग इत्यादि शामिल हैं, के कहने पर शुरू की गई । नियम 23 पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 11.2 के तद्नुरूप है । चूंकि पाटनरोधी शुल्क व्यक्तिगत निर्यातकों जिन्होंने प्रश्नावली का प्रत्युत्तर दिया है तथा उस विशेष देश में उन सभी "अन्य निर्यातकों" पर लागू होता है, यह नोट करना महत्वपूर्ण होगा कि एफ टी सी के लिए पाटनरोधी शुल्कों की मात्रा शून्य है जबकि ताईवान से अन्य निर्यातकों के लिए यह अभी भी जारी है । ताईवान के विरूद्ध मूल जांच समाप्त नहीं की गई । केवल एफ टी सी के लिए ही शुल्क की मात्रा शून्य है । इसलिए, ताईवान भी एक ऐसा देश होगा । नियम 23 के अंतर्गत जिसकी समीक्षा की जानी है तथा इसके परिणामस्वरूप एफ टी सी की भी समीक्षा की जाएगी । इस समीक्षा के दौरान एफ टी सी के प्रत्युत्तर की इस बात का निर्धारण करने के लिए समीक्षा की जाएगी कि क्या समीक्षा की अवधि के दौरान एफ टी सी ने वस्तुओं का पाटन किया था या नहीं । यूरोपीय समुदाय का कानून जो कि अनुच्छेद vi पर आधारित है तथा जिसे उत्पन्न हुए 50 वर्ष से अधिक हो चुके हैं निवेदन का समर्थन करता है । विनियम सं0 384/96 का अनुच्छेद 11.6 जिसमें समीक्षा के बारे में बताया गया है, निम्नलिखित उल्लेख करती है:-

> *"जहां उपायों को समग्र देश के लिए ही नहीं अपितु अलग-अलग निर्यातकों के लिए रद्द कर दिया जाता है, ऐसे निर्यातक कार्यवाही के अध्याधीन रहेंगे और उनकी स्वतः ही इस अनुच्छेद के अनुसरण में उस देश के लिए की गई किसी उत्तरवर्ती समीक्षा में पुनः जांच की जा सकती है ।"*

ग.4 निवेदन के पैरा 3 से 6 में एफ टी सी ने मूल जांच पर यह दर्शाने के लिए विचार किया है कि पाटनरोधी शुल्क केवल समीक्षा के तीन महीनों के लिए लागू नहीं था । तथ्य यही है कि आवेदकों द्वारा तीन पत्तनों की दैनिक सीमाशुल्क सूची से एकत्रित सूचना अनुसार ताइवान से आयातों की मात्रा में पर्याप्त वृद्धि हुई है ।

ग.5 पैरा 7 में एफ टी सी ने उल्लेख किया है कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति के प्रमाण प्रस्तुत किए जाने चाहिएं । उन्होंने इस तथ्य का संदर्भ दिया है कि आवेदन-पत्र की अगोपनीय प्रति में भी वास्तविक आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए गए थे । यदि अगोपनीय रूपांतर में वास्तविक आंकड़े प्रकट करना अपेक्षित है तो अलग गोपनीय तथा अगोपनीय प्रतियों की कोई आवश्यकता नहीं है । अगोपनीय प्रति का प्रयोजन यह है कि हितबद्ध पार्टी अपनी वाणिज्यिक सूचना की गोपनीयता बनाए रखे तथा इसके साथ-साथ अन्य हितबद्ध पार्टी उनके निवेदनों का मूल्यांकन कर सके । यह कर लिया गया वास्तिव में एफ टी सी यह आरोप नहीं लगा सकता जबकि उन्होंने अगोपनीय प्रश्नावली का प्रत्युत्तर खाली दिया है । वास्तव में निर्दिष्ट प्राधिकारी की संगत प्रणाली के अनुसार उचित

अगोपनीय प्रति के न होने के कारण एफ टी सी के प्रत्युत्तर को रद्द किया जाना चाहिए । एफ टी सी को असहयोगी निर्यातक माना जाना चाहिए तथा उनके लिए पाटन मार्जिन का निर्धारण उपलब्ध सूचना के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए ।

ग.6 पैरा 8 में एफ टी सी ने कीमत में 1999-20000 में *** रू0 प्रति कि.ग्रा वृद्धि के स्थान पर वर्ष 2000-2001 में *** रू0 प्रति कि.ग्रा. का संदर्भ दिया है । डालर के रूप में कीमत वृद्धि बहुत कम थी (करीब *** डालर) जबकि उस अवधि के दौरान एन टी सी एफ पर सीमा शुल्क 40% से 20% कर दिया गया था । अतः डालर के रूप में पहुंच मूल्य कम हो गया था तथा उसमें वृद्धि नहीं हुई थी । एफ टी सी ने यह भी तर्क दिया है कि डी जी सी आई एस के आंकड़ों का प्रयोग किया जाना चाहिए । निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए डी जी सी आई एस के आंकड़े एवं हितबद्ध पार्टियों द्वारा गौण स्रोतों से प्रस्तुत किए गए आंकड़ों की जांच करना आवश्यक है । यह प्रणाली इस तथ्य के कारण है कि डी जी सी आई एस आंकड़ों के संकलन में समय लगता है तथा वह यथार्थ भी नहीं होते । हमारे आंकड़ों की यथार्थता के बारे में इस तथ्य से पता चलता है कि वे तीन मुख्य पतनों द्वारा प्रकाशित दैनिक सीमाशुल्क सूची से लिए गए हैं । प्राधिकारी ने गौण स्रोत का प्रयोग मूल जांच में किया था । अतः आवेदकों द्वारा प्रदत्त आंकड़ों की विश्वसनीयता सही है तथा निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा इस पर स्वीकृति के समर्थन में बड़ी संख्या में मामले हैं ।

ग.7 पैरा 9 में एफ टी सी ने भारत में मांग पूर्ति अंतर और आयातों की आवश्यकता का संदर्भ दिया है । जैसाकि उपरोक्त पैरा ख 2 में उल्लेख किया गया है, एटीएमए के इसी प्रकार के निवेदन के प्रत्युत्तर में हमारा निवेदन आयातों के विरूद्ध नहीं है अपितु "अनुचित कीमतों पर आयातों के विरूद्ध है ।"

ग.8 पैरा 10 से 15 में घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति न होने के आरोप पर कार्रवाई की गई है। पैरा 10 में यह निवेदन कि समीक्षा याचिका में वास्तविक क्षति के पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं, यह रिकार्ड के तथ्यों के विपरीत है । समीक्षा याचिका में उत्पादन, क्षमता उपयोग, भण्डार सूची में वृद्धि, कीमत प्रभाव तथा लाभों पर मुख्य संकेतकों के रूप में कार्रवाई की गई है तथा जिनसे वास्तविक क्षति का पता चलता है । अनवरत वास्तविक क्षति के यह पर्याप्त प्रथम दृष्टया साक्ष्य हैं । एस आर एफ पर लेखा-परीक्षित तुलनपत्र का संदर्भ अप्रासंगिक है क्योंकि यह जांच करना आवश्यक है कि क्या आवेदक कम्पनियों को जांच अवधि के दौरान संबद्ध उत्पाद के उत्पादन और बिक्री से हानि हुई है । इन कंपनियों का समग्र निष्पादन, जिसमें अन्य सभी उत्पाद भी शामिल हैं, निराधार है । एफ टी सी ने इस बात से इंकार किया है कि स्टॉक में वृद्धि हुई है या कंपनियों को नुकसान हुआ है । हमारा यह निवेदन है कि ये तथ्य प्राधिकारी के सम्मुख रखे गए तथा एफ टी सी के पास ऐसी कोई सामग्री नहीं कि इन आंकड़ों को चुनौती दे सके । वास्तव में उनमे निवेदन कल्पना मात्र हैं ।

ग.9 16 से 22 तक के पैरा उनके उन निवेदनों जिसमें भारत सरकार द्वारा विभिन्न कारणों की वजह से सीमाशुल्क की कमी तथा आवेदक के पास सीमाशुल्क में कमी के आधार पर समीक्षा के अनुरोध के बारे में बताया गया है । इन निवेदनों पर एटीएमए (पैरा ख.7 बताता है) के निवेदनों के समरूप कार्यवाही की गई । यथेष्ट रूप में कहें तो आवेदन से अपेक्षा की जाती है कि वह बदली हुई परिस्थितियों के आधार पर पाटनरोधी शुल्कों की समीक्षा की आवश्यकता को प्रदर्शित करे । सीमाशुल्क में कमी तथा उसके परिणामस्वरूप पहुंच मूल्य में कमी का मूल जांच में प्राधिकारी द्वारा निर्धारित क्षति मार्जिन पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है । यह परिवर्तन समीक्षा आरंभ करने के लिए पर्याप्त

है । यह अंतर पर्याप्त नहीं होता यदि मूल जांच में प्राधिकारी ने पाटनरोधी शुल्क को पाटन मार्जिन की तरह लगाया होता । मूल जांच में मामला यह नहीं था ।

ग.10 जांच अवधि के पश्चात् इन देशों में एनटीसीएफ की कीमतों में और कमी प्राधिकारी के सम्मुख इन कंपनियों की धारणा दर्शाने का महत्वपूर्ण अवयव है । कीमतों में ये कमी न तो पाटन मार्जिन को और न ही क्षति मार्जिन को प्रभावित करती है अपितु यह कार्यवाहियों के पीछे निहित सूचनाओं के बारे में बताती है ।

ग.11 पैरा 24 से 26 में क्षति तथा कारणात्मक संबंध, जिनके बारे में उपरोक्त एटीएमए के खंडनों में विस्तार से बताया गया है, के बारे में बताता है । उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए हम यह निवेदन करते हैं कि एफ टी सी के निवेदनों को रद्द कर दिया जाए ।

ग.12 हम प्राधिकारी से अनुरोध करते हैं कि वह शीघ्र ही संशोधित पाटनरोधी शुल्कों की सिफारिश करें ताकि सभी चारों देशों से, विशेषतः ताइवान, क्षति प्रभाव को कम किया जा सके ।

ग.13 हम प्राधिकारी से यह अनुरोध करते हैं कि संदर्भ कीमत पर आधारित पाटनरोधी शुल्कों को परिवर्तनशील शुल्क के रूप में लगाया जाए ।

II निर्यातकों द्वारा लिखित निवेदनों और प्रत्युत्तर में किए गए अनुग्रहः

(क) मैसर्स पी टी जी टी पैट्रोकैम इंडस्ट्रीज टीबीके, इंडोनेशिया

1. जैसाकि हमारे प्रत्युत्तर में बताया गया है इंडोनेशिया से आयातों की मात्रा लगभग पिछले वर्ष के समान है । इसमें कोई वृद्धि नहीं हुई उल्टे ही इसमें कमी आई है, वृद्धि नहीं हुई । तब कैसे एसोसिएशन ऑफ सिंथेटिक फाइबर इंडस्ट्रीज ने यह बताया कि आयातों की मात्रा दुगुनी हो गई है ।

2. समीक्षाधीन अवधि में कीमतें वास्तव में बढ़ी न कि कम हुईं । जैसाकि नीचे दर्शाया गया है कीमतें विभिन्न रूपों में अत्यधिक कम हुईं:-

840घ	8.52%
1260घ	11.80%
1680घ	16.54%

3. कीमत मांग तथा आपूर्ति द्वारा निर्धारित होती है । सभी आपूर्तिकर्त्ता भारत में ही क्यों पाटन करेंगे । हम भारत में बड़ी मात्रा में बिक्री नहीं कर रहे हैं । हम अपनी लगभग 3400 टन/माह की क्षमता के मुकाबले औसतन केवल 200 टन/माह अर्थात् 5.88% की बिक्री करते हैं जो बहुत कम है। इस मामले में हम अपनी क्षमता तथा पाटन सामग्री का उपयोग करना चाहते तो हमें अन्य देशों के अपने प्रतिस्पर्धियों से बहुत अधिक मात्रा की बिक्री करनी चाहिए । पी टी जी टी अनेक अन्य देशों को भी निर्यात कर रही है और विश्व में और कहीं भी कोई पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं है ।

4. एस आर एफ नाइलोन 6 यार्न नामक कच्ची सामग्री का आयात पी टी फिलामेंडो शक्ति से कर रही है जिन से पीटीजीटी पेट्रोकेम अपने लिए कच्ची सामग्री खरीदती है क्योंकि यह उनकी सहयोग कंपनी है । इसलिए घरेलू उद्योग ने नाइलोन 6 यार्न पर पाटन रोधी उपायों की मांग क्यों नहीं की और केवल एन टी सी एफ पर ही क्यों की । वे यार्न का आयात कर रहे हैं क्योंकि उनके पास घरेलू आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता नहीं है । टायर उद्योग की आवश्यकता उनकी क्षमता से अधिक है ।

5. एन टी सी एफ की कीमतें सामान्यतया केपरोलेक्टम की कीमतों द्वारा निर्धारित होती हैं जो पूर्णरूपेण अंतर्राष्ट्रीय तौर पर निर्धारित होती हैं । इसके बहुत कम विनिर्माता हैं और भारत में केवल दो जी एस एफ सी तथा फेक्ट हैं और इस प्रकार ये कीमतों को नियंत्रित करने में सक्षम हैं । घरेलू उद्योग केपरोलेक्टम के आयात के लिए स्वतंत्र है और इस पर एन टी सी एफ के बराबर आयात शुल्क है, इस प्रकार इनमें कोई असमानता नहीं है ।

6. पीटीजीटी ने प्रौद्योगिकी पर बड़ी मात्रा में पूंजी निवेश किया है और उनके पास अत्याधुनिक उपस्कर हैं जो टायर उद्योग के लिए गुणवत्ता, उच्च उत्पादकता और कम अपचय एवं स्क्रैप उत्सर्जन संबंधी बढ़त प्रदान करता है । यही उनके पीटीजीटी पेट्रोकेम से सामग्री आयात करने का कारण भी है ।

7. भारत और अन्य निर्यातक देशों तथा घरेलू बाजार के बीच कीमतों में अंतर 2% से अधिक नहीं है । इसके अतिरिक्त किसी भी सामग्री को घाटे में नहीं बेचा जा रहा है । कंपनी लाभ कमा रही है जैसाकि उनके लाभ एवं हानि लेखे तथा तुलन-पत्र से देखा जा सकता है ।

(ख) मै0 ह्योसंग कार्पोरेशन, कोरिया

इस निर्यातक से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था ।

(ग) मै0 थाई बड़ौदा इंडस्ट्रीज लि0, थाइलैंड

1. प्राधिकारी द्वारा समीक्षा संबंधी जांच निम्नलिखित स्थितियों में शुरू की जा सकती है: (क) सुओमोटो इनिसिएशन (ख) किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा शुरूआत संबंधी आग्रह (याचिका सित या बिना याचिका के) जिसमें पाटन मार्जिन/क्षति मार्जिन में परिवर्तन होने का दावा किया गया हो । वर्तमान मामले में, घरेलू उद्योग द्वारा एक पत्र फाइल करने कश्जांचात (औपचारिक याचिका दायर किए बिना) जांच आरंभ की गई थी । दायर किए गए पत्र में उल्लेख था कि सीमा शुल्क कम कर दिए गए थे इसलिए पाटनरोधी शुल्क की समीक्षा की जानी चाहिए । अब याचिकाकर्त्ताओं ने समीक्षा हेतु अपने अनुरोध को न्यायसंगत साबित करने के लिए सार्वजनिक सुनवाई के समय निम्नलिखित नए आधार प्रस्तुत किए हैं (क) आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई (ख) कम आयात कीमत (ग) सीमाशुल्क में कमी (घ) बाजार हिस्से में कमी (ड.) वर्तमान पाटनरोधी शुल्क अपर्याप्त है (च) कीमतों में कमी हुई है ।

2. याचिकाकर्त्ताओं ने अभी तक क्षति तथा कारणात्मक संबंध के बारे में अपना पक्ष नहीं रखा है।

3. यद्यपि थाई बड़ौदा से बिक्री कीमतों में गिरावट आई है, परन्तु थाइलैण्ड से निर्यात कीमत तथा पहुंच कीमत में पर्याप्त वृद्धि हुई है । अन्य देशों में यही रूख रहा है ।

4. थाईलैण्ड से आयातों की मात्रा में पर्याप्त गिरावट आई है । सभी संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है ।

5. उपरोक्त के मद्देनजर,थाई बड़ौदा द्वारा पाटन नहीं किया गया है ।

6. सेचुरी से भी लागत तथा क्षति संबंधी जानकारी मंगायी जानी चाहिए । प्रथम जांच मे यह कंपनी घरेलू उद्योग का एक हिस्सा थी । वर्तमान समीक्षा किसी याचिका पर आधारित नहीं है और इसकी शुरूआत सीमाशुल्क के संदर्भ में बदली हुई परिस्थितियों के संबंध में भारतीय उत्पादकों द्वारा दायर एक पत्र के आधार पर की गई है । इस तरह के मामले में, घरेलू उद्योग का दायरा अपरिवर्तित रहता है ।

7. यद्यपि याचिकाकर्त्ताओं ने इसका खुलासा नहीं किया है कि अब उन्हें आयातों से कैसे क्षति हो रही है, परन्तु थाई बड़ौदा ने कहा है कि मूल जांच में भी याचिकाकर्त्ताओं को वित्तीय नुकसान नहीं उठाने पड़ रहे थे । याचिकाकर्त्ताओं ने "घटती लाभप्रदत्ता" का दावा किया है न कि "वित्तीय नुकसान" का ।

(घ) मै0 फोरमोसा टाफेटा कं0 लि0 ताइवान

1. धारा 9 क (5) तथा नियम 23 के अनुसार, समीक्षा का कार्यक्षेत्र केवल पाटनरोधी शुल्क को आगे लागू रखने की आवश्यकता के संबंध में जांच करना है । इस प्रकार, समीक्षा केवल उन्हीं मामलों पर अनुरक्षणीय है जहां पाटनरोधी शुल्क लागू हो । सीगैट ने अपने आदेश सं0 37-40/2000-एडी दिनांक 6/11/2000 द्वारा आदेश दिया था कि एफ टी सी पर पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं किया जा सकता है और केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 27/12/2000 को जारी अधिसूचना द्वारा एफ टी सी पर लागू पाटनरोधी शुल्क को हटाया गया । जैसाकि एफ टी सी के मामले में, चूंकि कोई पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं किया गया था, इसलिए पाटनरोधी शुल्क को आगे लागू रखने की आवश्यकता संबंधी समीक्षा की कोई जांच नहीं हो सकती है।

1. एफ टी सी द्वारा भारत में एन टी सी एफ के निर्यातों की जांच से संबंधित आरंभिक प्रक्रिया के संबंध में, सीगैट इस निष्कर्ष पर पहुंचा थास कि एफ टी सी द्वारा प्राटन नहीं किया गया था । यह निष्कर्ष निर्दिष्ट प्राधिकारी की कार्य पद्धतियों तथा प्राधिकारी के समक्ष एफ टी सी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों पर आधारित था । प्राधिकारी द्वारा पाटन मार्जिन के निर्धारण में गणना संबंधी एक चूक को सीगैट के समक्ष रखा गया तथा इसे स्वीकृत किया गया । सीगैट ने दिनांक 6/11/2000 के आदेश सं0 37-40/2000-एडी द्वारा आदेश दिया कि एफ टी सी पर कोई पाटनरोधी शुल्क नहीं लगाया जा सकता है । इसी कार्यप्रणाली के आधार पर समीक्षा अवधि के लिए पाटन मार्जिन से कम 2% से अधिक किसी पाटन मार्जिन की अनुमति नहीं है।

2. समीक्षा संबंधी आवेदन में विशिष्ट रूप से एफ टी सी तथा ताइवान से हुए आयातों संबंधी सत्य घोषणा को अस्वीकार किया गया है । परिशिष्ट 1 और पैरा 2.6, 3.3, 3.4, 3.5 में ताईवान से आयातों के लिए निर्दिष्ट आंकड़ों को विशिष्ट रूप से अस्वीकार किया जाता है । यह अस्वीकार किया गया है कि आवेदक द्वारा 3.4 में किए गए दावे के अनुसार एफ टी सी में " निम्न अनंतिम शुल्क " था । केन्द्रीय सरकार द्वारा दिनांक 9.11.1999 को जारी अधिसूचना द्वारा एफ टी सी पर लगाया गया अनंतिम पाटनरोधी शुल्क 5.32 रूपए प्रति किग्रा या सभी संबद्ध देशों से अधिक था । ताईवान के एफ टी सी पर अंतिम पाटनरोधी शुल्क की दर 2.39 रूपए प्रति किग्रा. था जो इण्डोनेशिया पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क से अधिक था और इण्डोनेशिया पर लगाया गया पाटनरोधी शुल्क की दर 1.77 रूपए प्रति किग्रा. था ।

3. चूंकि यह जांच ताईवान, जो घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति के पर्याप्त साक्ष्य के [illegible] में " निर्दिष्ट देश " है, से किए गए निर्यातों से संबंधित है । इसलिए कोई पाटन [illegible] नहीं लगाया जा सकता है । यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि समीक्षा के लिए दायर याचि[illegible] किसी वास्तविक आंकड़ों का खुलासा नहीं किया गया है जिन्हें बाजार हिस्सा, लाभ, [illegible]मत, बिक्रियां, क्षमता उपयोग और अतिशेष स्टॉक इत्यादि में परिवर्तन के लिए कानूनी तौर पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है । आंकड़ों के लिए वास्तविक आंकड़ों का खुलासा न [illegible]के आवेदक उस विधि का खुलासा करने में असफल रहा है जिसमें ताईवान से हुए आयातों से उन्हें हुई वास्तविक क्षति का आरोप लगाया गया है ।

4. ए एस एफ आई द्वारा दायर समीक्षा याचिका के अनुबंध 1 के अनुसार यह बात नोट की जाती है कि एफ टी सी, ताईवान के आयातों के बारे में याचिकाकर्त्ता द्वारा दिए गए आंकड़े निम्नानुसार हैं-

वर्ष	आयातित मात्रा	औसत कीमत
1999-2000	4555	रू0 118/किग्रा.
2000-2001	8472	रू0 138/किग्रा.

उपरोक्त सह यह देखा जाएगा कि याचिकाकर्त्ता की स्वीकृति के अनुसार, औसत इकाई की[illegible] वर्ष 1999-2000 में 118 रूपए/किग्रा. से बढ़कर वर्ष 2000-2001 में 138 रूपए/किग्रा. हो गई है जो लगभग 17% की वृद्धि है । अनुबंध से यह देखा जाएगा कि समीक्षा के दौरान इकाई कीमत वर्ष 1996-97 और 2000-2001 के बीच की अवधि के दौरान एफ टी सी द्वारा किए[illegible]ए निर्यातों की इकाई कीमत सर्वाधिक है ।

5. एएसएफआई ने दावा किया है कि 3 प्रमुख पत्तनों के जरिए किए गए आयातों के आधार पर वर्ष 1999-2000 में आयातों की मात्रा वर्ष 2000-2001 में बढ़कर काफी हो गयी थी । संलग्न निम्न सारणी से यह प्रदर्शित होता है कि एएसएफआई और डी जी सी आई एण्ड एस के आंकड़ों की तुलना की गयी है । एएसएफआई के विद्वान सलाहकार ने यह दावा किया था कि डी जी सी आई एण्ड एस के आंकड़े अधिक यथार्थ नहीं हैं किन्तु सभी सरकारी संगठन और एएसएफआई स्वयं डीजीसीआईएण्डएस के आंकड़ों पर विश्वास करते हैं । इस सारणी से यह देखा जाएगा कि वर्ष 1999-2000 के दौरान आयात 16,649 एमटी या और 2000-2001 के दौरान यह 18,253 एम टी था, एएसएफआई द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों की तुलना में डी जी सी आई एण्ड एस के आंकड़ों के अनुसार यह मात्रा वर्ष 1999-2000 के दौरान 11,257 एम टी और वर्ष 2000-01 के दौरान 20,999 एम टी थी । इससे यह देखा जाएगा कि सरकारी आंकड़ों से केवल मामूली वृद्धि प्रदर्शित होती है न कि कोई पर्याप्त वृद्धि, जैसाकि एएसएफआई द्वारा दावा किया गया है ।

स्रोत	1999-2000	2000-01	% वृद्धि
एएसएफआई(3 पत्तनों के जरिए किए गए आयातों पर आधारित)	11257	20990	86.5%
डीजीसीआईएण्डएस	16649	18253	11.%

6. यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि समग्र घरेलू उत्पादन संबद्ध माल की कुल घरेलू मांग से काफी कम है । परिणामस्वरूप मांग में आई कमी की पूर्ति आयातों द्वारा की जानी है । जांच अवधि के दौरान संबद्ध माल का कुल भारतीय घरेलू उत्पादन में लगभग 18,000/-एम टी की कमी

[illegible] है, चूंकि कुल मांग लगभग 63000/एम टी थी । इस कमी की पूर्ति आवश्यक रूप से [illegible]यातों से की जानी है ।

7. [illegible]ह उल्लेख किया जाता है कि आवेदक ने अपनी समीक्षा याचिका में घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति का कोई मामला सिद्ध नहीं किया है । यह निवेदन है कि आयातों की मात्रा में केवल परिवर्तन करने से वास्तविक क्षति अथवा कारणात्मक संबंध का पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिल जाता है । एस आर एफ ने तुलन-पत्र के पृष्ठ 46 में यह स्वीकार किया है कि उद्योग की खण्डित संरचना के कारण विशेषरूप से भारत में उत्पाद कीमतों में चक्रीय प्रवृत्ति रही है। पिछले पांच वर्षों में एस आर एफ ने भारत में उद्योग को समेकित करने में काफी योगदान दिया है, जिसके परिणामस्वरूप वह कम से कम भारतीय बाजार में एक कीमत निर्धारक के रूप में उभरा है ।

8. याचिकाकर्त्ता द्वारा अपनी समीक्षा संबंधी याचिका में इस आरोप को कि " एन टी सी एफ के अंतिम स्टाक में 3-1/2 गुना से भी अधिक की वृद्धि हुई है, सही साबित नहीं किया गया है । हितबद्ध पक्षकारों के समक्ष नुकसान की मात्रा का खुलासा नहीं किया गया है ।

9. यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि प्रमुख भारतीय घरेलू उत्पादक मुनाफा कमा रहे हैं । समीक्षा आवेदन में दिए गए तर्कों कि घरेलू उद्योग को घाटा हुआ है, की तुलना में पृष्ठ 24 पर एस आर एफ के तुलन-पत्र में यह कहा गया है कि एफ वाई 2001 के लिए वित्तीय स्थिति पिछले 10 वर्षों में कंपनी द्वारा दर्शाए गए सर्वोत्तम स्थापित अंकों में से है" । यह नोट करनाभी महत्वपूर्ण है कि सेंचुरी एंका जो मूल याचिका का एक पक्षकार था, ने वर्तमान समीक्षा याचिका में शामिल न होने का निर्णय लिया है । संबद्ध वस्तु के कारण लाभकारिता अन्य भारतीय घरेलू उत्पादकों के लिए समान होने की संभावना है । संबद्ध वस्तु के उत्पादन के लिए मुख्य कच्ची सामग्री केपरोलेक्टम की कीमत में कमी होने के बावजूद भारतीय घरेलू उत्पादकों ने अनुपातिक रूप से संबद्ध वस्तु की कीमतों को कम नहीं किया ।

10. यदि एएसएफआई का यह तर्क है कि वास्तविक क्षति सीमाशुल्क की कमी के कारण हुई है तो इसका अर्थ यह होगा कि ऐसे सभी उत्पादों के संबंध में अधिक पाटनरोधी शुल्क को दोबारा निर्धारित किया जाए जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था । क्षति के निर्धारण के सिद्धांत यह कहते हैं कि प्राधिकारी पाटित आयातों के अलावा उन सभी ज्ञात घटकों की भी जांच करेंगे जिनसे उस समय घरेलू उद्योग को क्षति पहुंच रही हो और इन अन्य घटकों के कारण हुई क्षति को पाटित आयातों के लिए नहीं समझा जाना चाहिए ।

III आयातकों द्वारा प्रस्तुत निवेदन

दिनांक 3.6.2002 की सार्वजनिक सुनवाई के अनुपालन में ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन के लिखित निवेदन

1. ए टी एम ए उन टायर कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है जिनका कुल टायर उत्पादन टन भार/मूल्य के अनुसार भारत में टायर उद्योग के 85% कारोबार को दर्शाता है ।

2. एनटीसीएफ टायरों के विनिर्माण के लिए अनिवार्य मद है और टायर उद्योग द्वारा उपभोग की गई कुल कच्ची सामग्रियों की लागत का 27% हिस्सा है । यह उद्योग द्वारा प्रयोग की गई सभी कच्ची सामग्रियों में अकेली अधिकतम लागत वाली मद भी है । दूसरी अधिकतम कीमत वाली कच्ची सामग्री प्राकृतिक रबड़ है जो कुल कच्ची सामग्रियों की लागत का 24% हिस्सा है ।

3. आयात इसलिए हो रहे हैं कि:-

क) घरेलू उत्पाद घरेलू मांग से कम है ।

ख) टायरों के निर्यात उत्पादन के लिए शुल्क मुक्त आयात (अग्रिम लाइसेंस के तहत) की आवश्यकता ।

ग) यद्यपि एक उत्तम उत्पाद होने के कारण टायर उद्योग को स्पिन ड्रा एन टी सी एफ का अधिक उपयोग करने की आवश्यकता है (निम्न खण्ड III .ख में उल्लिखित कारणों से) परन्तु घरेलू विनिर्माताओं द्वारा स्पिन ड्रा एनटीसीएफ का उत्पादन बहुत ही कम है अतः इसे आयात करने की आवश्यकता है ।

5. एएसएफआई द्वारा प्रस्तुत एन टी सी एफ के आयात आंकड़ों और डीजीसीआईएण्डएस द्वारा यथा प्रकाशित आंकड़ों में सकल अंतर का उल्लेख करना समीचीन है । एएसएफआई ने यह तर्क दिया है कि आयात मात्राएं महत्ववपूर्ण रूप से 86.5% तक बढ़ी हैं । तथापि, डीजीसीआईएण्डएस द्वारा संकलित आंकड़ों से यह मालूम होता है कि वास्तविक आयात बहुत कम रहे हैं । प्रकाशित/प्रस्तुत आंकड़ों के बीच के अंतर को ध्यान में रखते हुए यही उचित होगा कि डीजीसीआईएण्डएस जो नियमित रूप से विदेश व्यापार आंकड़ों पर निगरानी रखता है और उनको नोट करता है, द्वारा प्रकाशित आंकड़ों को अंतिम आंकड़ों के रूप में लिया जाए ।

6. एनटीसीएफ के अग्रिम लाइसेंस आयातों को समीक्षा याचिका के विचारार्थ एनटीसीएफ के आयात विवरणों से अलग रखा जाना चाहिए ।

7. स्पिन ड्रा प्रक्रिया से विनिर्मित एन टी सी एफ में बेहतर ब्रेकिंग ताकत है । टायर कंपनियाँ अधिकाधिक पारम्परिक प्रक्रिया से विनिर्मित एनटीसीएफ की अपेक्षा स्पिन ड्रा प्रक्रिया का प्रयोग कर रही हैं । स्पिन ड्रा प्रक्रिया और परम्परागत प्रक्रिया में एन टी सी एफ का घरेलू उत्पादन का 70:30 के अनुपात में है । अन्य शब्दों में एनटीसीएफ विनिर्माता स्पिन ड्रा प्रक्रिया के अंतर्गत एनटीसीएफ विनिर्माताओं के लिए टायर उद्योग के लिए सकल मानकों को पूरा करने के लिए सक्षम नहीं हैं । तकनीकी रूप से उत्तम उत्पाद श्रेणी होने के कारण स्पिन ड्रा एन टी सी एफ के आयात को सकल आयातों की गणना के प्रयोजनार्थ शामिल नहीं किया जाना चाहिए ।

8. पाटनरोधी शुल्क उत्पाद विकास और प्रौद्योगिकी विकास के आड़े नहीं आना चाहिए । भारतीय टायर उद्योग विश्वभर के 60 से अधिक देशों को लगभग 1,000 करोड़ रूपये के मूल्य के टायरों का निर्यात कर रहा है जिनमें अत्यधिक विकसित देश भी शामिल हैं ।

9. सेंचुरी ऐंका फरवरी 1999 में ए एस एफ आई द्वारा दायर किए गए आवेदन में एक पक्षकार था । तथापि, समीक्षा याचिका में सेंचुरी एंका एक पक्षकार के रूप में शामिल नहीं हुआ है । सेंचुरी एंका देश में एन टी सी एफ का लगभग 20% उत्पादन करता है और 70% से अधिक घरेलू उत्पादन के लिए एस आर एफ लि0 के साथ संयोजित है । इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी को घरेलू उद्योग में सेंचुरी एंका को अवश्य शामिल करना चाहिए । एटीएमए के अनुसार यह दोनों कंपनियां जो 70% घरेलू उत्पादन करती हैं एन टी सी एफ के आयात से प्रभावित नहीं हुई थी ।

10. एन टी सी एफ के घरेलू उत्पादकों की क्षमता में भी वृद्धि हुई है, एस आर एफ - क्षमता 500 एम टी/माह से बढ़कर 1000 एमटी/माह से अधिक हो गई, सेंचुरी एंका - क्षमता में लगभग 100-150 एमटी/माह की वृद्धि हुई, निर्लोन उत्पादन तमें 5-10% की वृद्धि हुई है ।

11. क्षमता उपयोग में मी के किसी दावे की भी इस पृष्ठभूमि में समीक्षा की जाए कि एन टी सी एफ के अग्रणी घरेलू विनिर्माता एस आर एफ लि0 अपने विदेशी (दुबई) संयंत्र से आपूर्तियां प्राप्त कर रहे हैं । यदि घरेलू क्षमता और उत्पादन घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त होता तो यह प्रश्न किया जा सकता है कि अग्रणी उत्पादक को अपने विदेशी संयंत्र से उसी उत्पादक क्यों मंगाया जाना चाहिए जिसमें अतिरिक्त भाड़ा और संबंधित लागतें खर्च हो रही हैं । इसी प्रकार वही अग्रणी कंपनी (एस आर एफ लि0) एक ऐसी कंपनी से पर्याप्त मात्रा में नाइलोन टायर यार्न का पर्याप्त आयात कर रही हैं जिस पर पाटनरोधी शुल्क लगाया गया है यदि एस आर एफ एन टी सी एफ की घरेलू आवश्यकता को पूरा करने की स्थिति में होता तो उसे पाटनरोधी शुल्क लगाई गई कंपनी से नाइलोन टायर यार्न का आयात क्यों करना चाहिए ।.

12. आयात शुल्क में 40% से कमी करके 25% कर दिए जाने के बावजूद 2000-01 के दौरान एन टी सी एफ की पहुंच लागत 1999-2000 की तुलना में काफी बढ़ गई थी जो 177 रू0/किग्रा. से बढ़कर 187 रू0/किग्रा. हो गई थी । इसका कारण अमरीकी डालर की तुलना में रूपये का मूल्यह्रास था जो सीमाशुल्क कम करने के लिए परिकलित कीमत से अधिक रहा है । यह नोट करना भी महत्वपूर्ण है कि आयातित एनटीसीएफ की पहुंच लागत में वृद्धि के अनुरूप घरेलू एन टी सी एफ की कीमत में भी 1999-2000 में 185 रू0/किग्रा. से वृद्धि होकर 2000-01 में 195 रू0/किग्रा. हो गई थी ।

13. सामान्य तौर पर किसी मामले की जांच अवधि के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में कमी के आधार पर पाटन सिद्ध करके तैयार किया जाता है । तथापि, एन टी सी एफ के मामले में इसका विलोम ही सत्य है । 1999-2000 के दौरान एन टी सी एफ के औसत अंतर्राष्ट्रीय कीमत 2.72 अमरीकी डालर/किग्रा. थी और वर्ष 2000-01 के दौरान इसकी कीमत 3.10 अमरीकी डालर/किग्रा. हो गई जिसमें 14% की वृद्धि हुई ।

IV प्रकटन विवरण के लिए हितबद्ध पक्षकारों का उत्तर

(क) घरेलू उद्योगः

1. **अनुबंध-1-सामान्य प्रकटन**

हम विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के इन विचारों से सहमत हैं कि भारत में संबद्ध देशों से आयातित एन टी सी एफ और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन एन टी सी एफ पाटनरोधी नियमों के प्रावधानों के अर्थों के भीतर समान वस्तुएं हैं ।

2. **अनुबंध II- पाटन का मूल्यांकन -पद्धति और मापदंड**

मै0 ह्यूसुंग कार्पो0, कोरिया

i) जांच अवधि के दौरान निर्यातक ने भारत को 1260 डी/2(ग्रे), 1260 डी/3 (ग्रे), 1680 डी/2(ग्रे) और 1680 डी/2 (डिप्ड) का निर्यात किया है । तथापि घरेलू बाजार में उन्होंने केवल 1260 डी/2(डिप्ड) और 1890 डी/2 (डिप्ड) की ही बिक्री की है ।

ii) तथापि, प्राधिकारी द्वारा देखी गई विसंगतियों की दृष्टि से प्राधिकारी ने निर्यातक द्वारा दावा किए गए सामान्य मूल्य को उचित रूप से अस्वीकार किया है और भारत को निर्यातित चारों ग्रेडों में से प्रत्येक के लिए सामान्य मूल्य परिकलित किया है ।

मै0 थाई बड़ौदा इंडस्ट्रीज, ताइवान

i) प्राधिकारी न नाइलोन टायर कोड फैब्रिक के दोनों ग्रेडों अर्थात् (स्पेस्ड और एनसी के रूप में ग्रेड 'ए' और ग्रेड' बी') को उचित रूप से एकत्र किया है क्योंकि दोनों ग्रेडों में कोई अंतर नहीं है।

iii) प्राधिकारी ने उत्पादन लागत से विदेशी मुद्रा के घाटे को अलग कर दिया है। तथापि, यह निवेदन है कि ऐसे घाटों को केवल तभी अलग किया जा सकताहै जब वे असामान्य खर्चे हों अन्यथा वे सामान्य एस जी एण्ड ए लागतों का हिस्सा होते हैं। थाई एक्रेलिक फाइबर लि0 के मामले में विदेशी मुद्रा के घाटे उस समय उत्पन्न दक्षिण एशियाई मुद्रासंकट के कारण थे जो स्पष्ट रूप से असामान्य स्वरूप का था और इसलिए उसे उचित ढंग से अलग रखा गया था। तथापि, इस मामले में कोई असामान्य विदेशी मुद्रा घाटा मालूम नहीं होता जिसके कारण उसे सामान्य एस जी एण्ड ए लागतों से अलग रखने की आवश्यकता हो इसलिए यह निवेदन है कि उसे इस निर्यातक के लिए एस पी एण्ड ए लागत का निर्धारण करते समय शामिल किया जाए।

iii) निर्यातक ने डिप्ड फेब्रिक को दोनों बाजारों अर्थात् घरेलू बाजार और निर्यात बाजार में बेचा है। उचित तुलना करने के लिए निर्यातक ने अन्य बातों के साथ बिक्री खर्चों और उत्पाद मिक्स अंतर के लिए कटौतियों का दावा किया है।

iv) बिक्री खर्चों के संबंध में, अनुबंध I के पैराग्राफ 6(i) का तीसरा वाक्य निम्न प्रकार है:-

" प्रत्येक मामले में इसके गुण-अवगुण के आधार पर उन अंतरों के लिए उचित अनुमति दी जाएगी जिनसे बिक्री की शर्तों, कराधान, व्यापार स्तरों, मात्राओं, भौतिक विशेषताओं में अंतरों और अन्य कोई अंतर जिन्हें कीमत की तुलनीयता को प्रभावित करने के लिए प्रदर्शित किया गया हो सहित कीमत की तुलनीयता को प्रभावित करते हों।"

v) प्रश्न यह है कि क्या" बिक्री खर्चों" को उपर्युक्त प्रावधान के अर्थों के भीतर अनुमत उचित अनुमति के रूप में समझा जा सकता है। प्रथमतः उन्होंने प्राधिकारी को खर्चों के स्वरूप के बारे में सूचित नहीं किया है और केवल घरेलू बिक्रियों के लाभ के लिए ऐसे खर्चों का दावा क्यों किया गया है। उन्होंने अपने इस दावे के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है कि उन बिक्री खर्चों से केवल घरेलू बिक्रियों को लाभ पहुंचा है। ऐसे साक्ष्य के अभाव में यह दावा कि इन खर्चों से केवल घरेलू बिक्रियों को लाभ पहुंचा है, मान्य नहीं हैं।

i) दूसरे, अगर हम यह स्वीकार किए बगैर मान लें कि उन खर्चों से केवल घरेलू बिक्रियों को लाभ पहुंचा है तो क्या उनकी उचित तुलना करते समय अनुमत राशि के रूप में कम किया जा सकता है? निम्नलिखित की दृष्टि से इसका उत्तर स्पष्ट रूप से "नहीं" है:-

(1) थाई बड़ौदा की अपनी स्वीकारोक्ति (उनके दिनांक 17.6.2002 के पत्र के तहत) के अनुसार यह खर्चे घरेलू एसजीए का हिस्सा है और इसलिए संबंधित परिशिष्टों में उत्पादन लागत के एक भाग के रूप में जोड़े जा सकते हैं।

(2) यदि कारखाना द्वार पर घरेलू बिक्री कीमत के निर्धारण के समय [परिशिष्ट 5 में] प्रचलित घरेलू बिक्री कीमतों से ऐसे खर्चों को घटाया जाए तो इससे एक असामान्य स्थिति उत्पन्न हो जाएगी जहां लागतों में ये शामिल होंगे जबकि बिक्री प्राप्तियों में नहीं। इसके परिणामस्वरूप बहुत से बिक्री-सौदों को "सीओपी से कम" ठहराया जा सकता है।

(3) अतः यदि ऐसे खर्चे परिशिष्ट 9 में शामिल करने योग्य हैं तो इन्हें परिशिष्ट 5 से बाहर नहीं रखा जा सकता है। थाई बड़ौदा ने स्वयं ही कहा है कि ऐसे खर्चों को परिशिष्ट 9 में शामिल किया जाएगा और इसलिए इन्हें परिशिष्ट 5 से बाहर रखने का प्रश्न नहीं उठता।

(4) परिशिष्ट 5 में कारखाना द्वार पर घरेलू बिक्री कीमतें दी गई हैं । इसकी संबंधित सी ओ पी से तुलना करनी होगी और सामान्य मूल्य का निर्धारण करनाहोगा । एक बार, सामान्य मूल्य का निर्धारण हो जाता है तो कारखाना द्वार पर निर्यात कीमत से इसकी तुलना करनी होगी । इस प्रकार निर्धारित सामान्य मूल्य में किसी भी कटौती का प्रश्न नहीं उठता ।

(5) एकमात्र पद्धति यह है कि ऐसे खर्चों को प्रत्यक्ष बिक्री खर्चे माना जाए और कारखाना द्वार पर घरेलू बिक्री कीमत के निर्धारण से पूर्व इसमें उचित कटौती की जाए । ऐसी कटौती केवल तभी की जा सकती है यदि संगत खर्च को "प्रत्यक्ष बिक्री खर्च" अर्थात् जो अलग-अलग प्रत्यक्ष बिक्री सौदों के साथ अभिज्ञात की जानी हो के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता हो ।

(6) प्रत्यक्ष खर्च का मापदण्ड भारत के साथ-साथ ईयू में भी समान रूप से अपनाया जा रहा है। इस संबंध में एडविन वर्मुलस्ट और पोल वेयर द्वारा लिखित पुस्तक" ईसी एंटीडंपिंग लॉ एण्ड प्रेक्टिस" का निम्नलिखित उद्धरण संगत हो सकता है:

" अनुच्छेद 2 (10)(क)-(य.) में उपलब्ध समायोजनों की सूची व्यापक मालूम होती है और प्रत्यक्ष संबंध जांच के आयोग के अनुभव के आधार पर निरंतर बनी रहती है: इसका अभिप्राय यह है कि किसी अथवा सभी ऊपरी खर्चों के लिए समायोजन की अनुमति इसलिए नहीं दी जाएगी कि ऐसे खर्चों को विचाराधीन बिक्री के साथ सीधे संबंधित नहीं समझा जाता है.....

.....विज्ञापन देना, अनुमति देने योग्य बिक्री खर्च नहीं है क्योंकि इसे ऊपरी खर्च माना जाता है । यह तब भी ऐसा ही माना जाएगा यदि यह भी साबित किया जा सकता हो कि विज्ञापन देने का खर्च विचाराधीन उत्पाद से सीधा संबंधित हो जैसे कि फोटो एल्बमों में दो कोरियाई उत्पादकों के मामले में था । इसी प्रकार परिवहन लागतों(बिक्री पूर्व), वेयर हाउस,(बिक्री पूर्व) और भण्डारण प्रभार, वित्त पोषण स्टाकों की लागतों, विनिमय घाटों, पैकिंग मशीन की लागतों, रॉयल्टियों जांचाधीन उत्पाद के अनुप्रयोगों के विकास के लिए कार्मिक खर्चों, घरेलू बाजार में भेजने के लिए प्रशासनिक लागतों, बिक्री पूर्व तकनीकी सहायता और सर्विसिंग के लिए कार्मिक खर्चों, संदेहास्पद कर्ज का प्रावधान बिक्री कार्यालयों के प्रशासनिक खर्चों, आर एण्ड डी, बिक्री संवर्धन और साख और पेटेंट शुल्कों में अंतरों के लिए भी समायोजनों से इंकार किया गया है ।

ii) उपर्युक्त की दृष्टि से यह निवेदन है कि केवल बिक्री खर्चों को ऊपरी लागतें माना जा सकता है और उनके लिए कटौती की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

उत्पाद मिक्स अंतर

i) जैसाकि प्रकटन विवरण के पृष्ठ 47-48 में दिया गया है कंपनी ने इस आधार पर उत्पाद मिक्स अंतर के लिए समायोजन का दावा किया है कि इसने अधिकांश 1680 डी को निर्यात बाजार में और अधिकांश 1260 तथा 1890 डी को घरेलू बाजार में बेचा है । यह भी बताया गया है कि जितना अधिक डेनियर होगा फेब्रिक उतना अधिक मोटा होगा, इसलिए प्रति वर्ग मीटर फेब्रिक का भार अधिक होगा । इसके अलावा, यह उल्लेख किया गया कि व्यय जैसे परिवर्तन लागत, ऊपरी लागत आदि मशीन उपयेग से भिन्न हैं । अतः उत्पादनलागत 1260 डी अथवा 1890 डी की तुलना में 1680 डेनियर के विनिर्माण में लगी सामग्री के संदर्भ में ही भिन्न होनी चाहिए । यह भिन्नता उत्पाद की भौतिक विशेषताओं के स्पष्ट संकेत से हो सकता है ।

ii) उत्पाद की भौतिक विशेषताओं की भिन्नता के लिए छूट का दावा करने के लिए निर्यातक को साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए और उसकी समुचित मात्रा बतानीचाहिए । तथापि, निर्यातक 2

बाजारों के लिए उत्पादन की कुल लागत भी है और उत्पाद-मिश्रण भिन्नता के लिए छूट के रूप में दोनों के बीच के अंतर का दावा किया है । ऐसा प्रतीत होता है कि वास्तव में परिशिष्ट 8 और 9 में यथा प्रदत्त कारखाना लागत लागतों के बीच के अंतर को पहले दावा किए गए छूटों का समायोजन करने के पश्चात् उत्पाद मिश्रण की भिन्नता को प्रदर्शित करने वाले मूल्य के रूप में लिया गया है । दो परिशिष्टों (अर्थात् परिशिष्ट 8 और 9)के बीच के अंतर के ऐसे थोक बिक्री की उदासीनीकरण की अनुमति नहीं दी जा सकती है । वस्तुतः इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए थी । थाई बरेदा को प्रत्येक डेनियर के लिए अलग-अलग लागत देनी चाहिए थी ।

iii) निर्यातक भौतिक विशेषताओं के अंतर बताने में असफल रहा है । एक बार पुनः ई सी पाटनरोधी कानून और पद्धति पुस्तिका का उल्लेख करने के लिए भौतिक विशेषताओं के बारे में समायोजन की राशि भिन्नता (लागत के विपरीत) बाजार मूल्य के उचित अनुमान के अनुरूप होगी ।

iv) उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, यह निवेदन है कि छूट की अनुमति निर्यातक को नहीं दी जाएगी ।

मैसर्स फोर्मोसा टफेटा, ताईवान

कोई टिप्पणी नहीं ।

ii) अनुबंध-II: क्षति एवं कारणात्मक संबंध का मूल्यांकन

डीजीसीआईएस के आंकड़े:

i) प्राधिकारी ने आयातों की मात्रा, आयात कीमत, पहुंच मूल्य, इत्यादि का मूल्यांकन करने के लिए डीजीसीआईएण्डएस के आंकड़ों पर विचार किया है । घरेलू उद्योग ने मुंबई, चेन्नई और कोची पत्तनों द्वारा जीटी की गयी सीमा शुल्क की टैरिफ सूचियों के आधार पर गौण स्रोत के आंकड़े प्रस्तुत किए हैं ।

ii) डीजीसीआईएण्डएस के आंकड़े विश्वसनीय नहीं थे क्योंकि इनमें डिप्ड फैब्रिक्स और ग्रे फैब्रिक्स के अलग-अलग ब्यौरे नहीं दिए गए थे । डीजीसीआईएस के आंकड़ों में डिप्ड फैब्रिक्स को ग्रे के साथ अंतर-मिश्रण से ग्रे फैब्रिक्स की औसत कीमत में वृद्धि हो गयी है । इसी प्रकार, जब ग्रे फैब्रिक्स का वर्गीकरण डिप्ड फैब्रिक्स के रूप में किया गया था तो डिप्ड फैब्रिक्स की भारित औसत आयात कीमतें कम हो गयी हैं ।

iii) प्राधिकारी ने अपनी पहल पर प्राप्त किए गए डी जी सी आई एस के आंकड़ों पर विचार किया है । प्राधिकारी ने इस बारे में कोई कारण नहीं बताया है कि याचिकाकर्त्ताओं द्वारा प्रस्तुत गौण स्रोतों के आंकड़े विश्वसनीय क्यों नहीं हैं ।

एनआईपी का पिरकलन

नुकसान रहित कीमत (एनआईपी) का परिकलन करने के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने 'उपलब्ध तथ्यों' पद्धति के आधार पर मैसर्स सेंचुरी ऐंका से संबंधित आंकड़े शामिल किए हैं । हम निम्नलिखित कारणों को ध्यान में रखते हुए, नुकसानरहित कीमत का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ सेंचुरी ऐंका को शामिल किए जाने का विरोध करते हैं:

(1) ऐसा कोई कानून नहीं है जिसमें यह अपेक्षित हो कि घरेलू उद्योग के संघटक मूल जांच और परवर्ती प्रत्येक समीक्षा जांच के दौरान वही रहेंगे ।

(2) मूल जांच पूरी हो गयी थी । यह जांच सन् 2000 के प्रारंभ में अंतिम जांच परिणामों के प्रकाशन के साथ ही समाप्त हुई थी । मूल जांच अब समाप्त हो गयी है । समीक्षा जांच मूल जांच का विस्तार नहीं है ।

(3) समीक्षा जांच स्वयं एक पृथक जांच है । इस जांच की शुरूआत भारत में 5 घरेलू उत्पादकों में से 4 द्वारा किए गए अनुरोध के आधार पर की गयी है । इन 4 घरेलू एन टी एफ के उत्पादकों का उत्पादन भारत में एन टी सी एफ के कुल उत्पादन का 75% बनता था । पॉचवां उत्पादक-मैसर्स सेंचुरी ऐंका लि0 का उत्पादन कुल घरेलू उत्पादन का केवल 25% बनता है ।

(4) यद्यपि सेंचुरी ऐंका मूल जांच के दौरान एक याचिकाकर्त्ता था तथापि उसने समीक्षा जांच करने के लिए निवेदन करने वाली शेष एककों में शामिल नहीं हुआ । तथापि, शेष उत्पादक नियम 2(ख) के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग बनते थे ।

(5) चूंकि शेष 4 उत्पादकों ने " अधिकांश उत्पाद" जांच की शर्त पूर्णरूप से पूरी की है और इसीलिए वे कानूनी रूप से घरेलू उद्योग बनते हैं । समीक्षा जांच में घरेलू उद्योग के एक और संघटक के रूप में सेंचुरी ऐंका को शामिल करने की कोई जरूरत नहीं है ।

(6) इसके अलावा, समीक्षा जांच नियम 23 द्वारा शासित होती है । नियम 23 में ऐसा कहीं भी नहीं कहा गया है कि समीक्षा जांच में घरेलू उद्योग वही होना चाहिए जो मूल जांच में था । वस्तुतः समीक्षा में घरेलू उद्योग की स्थिति का ब्यौरा देने की भी जरूरत नहीं है क्योंकि नियम 23(3) द्वारा विशेषरूप से नियम 5 समाप्त कर दिया गया है । नियम 23 किसी हितबद्ध पार्टी पक्षकार को यह अधिकार प्रदानकरता है कि वह निर्दिष्ट प्राधिकारी को समीक्षा की जरूरत को न्यायोचित बताते हुए सूचना प्रदान करें ।

(7) प्राधिकारी द्वारा अब तक की गयी लगभग अधिकांश जांचों में, प्राधिकारी ने याचिकाकर्त्ताओं द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर एन आई पी का निर्धारण किया है बशर्ते कि उन्होंने भारत में समान माल के कुल उत्पादनका 50% से अधिक का प्रतिनिधित्व किया हो ।

(8) प्राधिकारी की यह कार्रवाई स्थापित कानूनी सिद्धांतों के खिलाफ है । वर्तमान परिस्थितियों में यह अनुचित है । यह संबंधित पूर्ववर्ती किसी जांच के अभूतपूर्व है ।

अतः घरेलू उद्योग के लिए एन आई पी का निर्धारण करते समय सेंचुरी ऐंका से संबंधित आंकड़ों पर विचार नहीं किया जाना चाहिए था ।

(ख) एटीएमए:

1. एनटीसीएफ का घरेलू उत्पादन घरेलू मांग से कम होना, टायरों के निर्यात उत्पादन के लिए अग्रिम आयात लाइसेंस और एन टी सी एफ स्पिन ड्रा प्रोसेस का आयात करने की जरूरत ये तीन कारण एटीएमए द्वारा बताए गए हैं । उन्होंने घरेलू उद्योग द्वारा दी गयी एन टी सी एफ की कुल मात्रा बतायी है जिसे टायर उद्योग द्वारा उठाया गया है । लेकिन टायर उद्योग

की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए यह पर्याप्त नहीं है जिससे टायर उद्योग को आयातों के जरिए मांग-पूर्ति के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए बाध्य होना पड़ा है।

2. सरकार ने पाटनरोधी शुल्क लगाने से अग्रिम लाइसेंस आयात को उचित रूप से छूट दी है। इससे घरेलू निर्यातक अन्य देशों में अपने समकक्षों के साथ समस्तरीय कार्य क्षेत्र प्राप्त कर सकेंगे।

3. वर्तमान मामले में सिगैट ने यह माना है कि पारम्परिक प्रक्रिया अथवा स्पिन ड्रॉ प्रक्रिया के जरिए विनिर्मित एनटीसीएफ समान वस्तु है। इसी प्रकार यह निवेदन है कि प्राधिकारी को इस तथ्य पर विचार करना चाहिए कि स्पिन ड्रॉ प्रक्रिया का एनटीसीएफ (जो मुख्यतः आयात किया जाता है) पारम्परिक प्रक्रिया के एनटीसीएफ की तुलना में उत्तम गुणवत्ता का होता है क्योंकि पहले वाले में उत्तम ब्रेकिंग शक्ति (अधिक तन्यता के कारण) होती है।

4. हम अपने इस रूख को पुनः दोहराते हैं कि सरकार द्वारा लागू आयात शुल्क कटौती को विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए पाटनरोधी शुल्क के साथ नहीं जोड़ा जा सकता। घरेलू उद्योग ने हमारे इस उल्लेख का कोई उत्तर नहीं दिया है कि सरकार ने प्राकृतिक रबड़ लेटेक्स पर आयात शुल्क 25% से बढ़ाकर 70% कर दिया है और घरेलू उद्योग के इस तर्क को मानते हुए कि यदि प्राकृतिक रबड़ लेटेक्स पर कोई पाटनरोधी शुल्क लगाया होता तो उसे आयात शुल्क में वृद्धि होने पर समाप्त कर दिया जाना चाहिए था। पुनः यदि घरेलू उद्योग के तर्क को स्वीकार किया जाए तो प्रति वर्ष जब आयात शुल्क को कम किया जाता है तो, वह उद्योग जिन्होंने अपने आयातित उत्पादों पर पाटनरोधी शुल्क प्राप्त कर लिया था, सरकार से लगाए गए पाटनरोधी शुल्क में वृद्धि करने की सिफारिश कर सकते हैं। पाटनरोधी कानून के अंतर्गत इसकी परिकल्पना नहीं की गयी है।

(ख) थाई बड़ीवा इंडस्ट्रीज लि०:

1. टीबीआईएल ने विस्तृत प्रश्नावली उत्तर का ब्यौरा दिया गया है जिसमें यह स्थापित किया गया है कि थाईलैंड के निर्यात कीमत में काफी वृद्धि हुई है। इसी प्रकार का रूख अन्य देशों से रहा है। थाईलैंड से आयातों की मात्रा में गिरावट आई है।

2. कैप्रोलेक्टम जो एनटीसीएफ के उत्पादन के लिए एक प्रमुख कच्ची सामग्री है, की कीमत इसी सीमा में कमोबेश रही है (वस्तुतः कैप्रोलेक्टम की कीमतों में मामूली गिरावट आई है)।

3. टी बी आई एल ने निवेदन किया है कि विचाराधीन उत्पाद ग्रे एनटीसीएफ है। मूल जांच भी ग्रे फैब्रिक के लिए ही की गयी थी। अंतिम शुल्क समान वस्तु संबंधी जांच परिणाम के कारण डिप्ड एनटीसीएफ पर लगाया गया था।

4. टीबीआईएल पुनः इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारतीय बाजार में टीबीआईएल का कोई पाटन नहीं किया गया है।

(घ) फोरमोसा टफेटा कम्पनी ताईवान

1. मूल जांच में संपूर्ण जांच ग्रे फैब्रिक तक सीमित थी और फोरमोसा द्वारा जो सूचना दी गयी थी वह केवल ग्रे फैब्रिक के लिए थी। अभिलेखा में उपलब्ध डेनियर-वार सूचना के बावजूद अंतिम तुलना उस जांच में भारित औसत के आधार पर की गयी थी। तथापि, वर्तमान समीक्षा में निर्दिष्ट प्राधिकारी ने डेनियर से डेनियर तुलना का सहारा लेकर तुलना प्रणाली में परिवर्तन किया है।

2. फोरमोसा ने सभी सूचना जांच की प्रक्रिया के दौरान प्रदान कर दी थी । प्रकटीकरण विवरण के अवलोकन से यह प्रतीत होता है कि प्राधिकारी ने प्रस्तुत सूचना में कुछ भिन्नताएं नोट की थीं ।

3. फोरमोसा ने दोहराया है कि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद ग्रे एन टी सी एफ है । मूल जांच में भी पूरी जांच केवल ग्रे फैब्रिक के लिए की गई थी । समान वस्तु पर जांच परिणाम के कारण डिप्ड एन टी सी एफ पर संभावित शुल्क लगाया गया था ।

4. फोरमोसा को सामान्य मूल्य के प्रस्तावित निर्धारण से बहुत दुःख हुआ है । फोरमोसा के संबंध में उपलब्ध सूचना के साथ-साथ विधि और व्यवहार के रूप में असमर्थित है ।

(ड.) पीटी,जीटी, इंडोनेशिया:

निर्यातक द्वारा यथा दावा किए गए डिपिंग को ग्रे 840डी/2 और 1680डी/2 की परिकलित लागत की गणना करने के लिए समायोजन के रूप में लिया जाना चाहिए ।

अन्य मुद्दों पर प्राधिकारी द्वारा जांच:

निर्दिष्ट प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए सभी अभ्यावेदनों पर योग्यता और उपर्युक्त नियमों के अनुसार विचार किया है ।

ज. पाटन:-

5. प्राधिकारी ने धारा 9क(i) के अनुसार संबद्ध देशों के ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी । मै0 पीटी जी टी पेट्रोकैम इंडस्ट्रीज टीबीके, इंडोनेशिया, मै0 ह्योसुंग कारपोरेशन,कोरिया, मै0 थाई बड़ौदा इंडस्ट्रीज लि0, थाईलैंड और मै0 फोरमोसा टेफेटा कंपनी लि0, ताइवान ने इस मध्यावधि समीक्षा जांच के संबंध में प्राधिकारी द्वारा भेजी गई प्रश्नावली का उत्तर दिया है । कोरिया से मै0 ह्योसुंग कारपोरेशन द्वारा अपने गोपनीय उत्तर में अगोपनीय सारांश उपलब्ध नहीं कराया गया है ।

(क) सामान्य मूल्य

(i) मै0 पीटी जी टी पैट्रोकेम इंडस्ट्रीज टीबीके, इंडोनेशिया

1. सामान्य मूल्य का दावा घरेलू बाजार और घरेलू बाजार में बिक्रियों के बारे में सूचना के आधार पर किया गया है जिसे उत्तर के परिशिष्ट 3 के यथानुसार भारत को किए गए निर्यात, घरेलू बाजार बिक्रियां और अन्य देशों के हुए निर्यात जैसे संबद्ध वस्तुओं की बिक्री से संबंधित सूचना प्रस्तुत की है । सूचना 840डी/2, 1260डी/2 और 1680डी/2 के लिए दी गई है और जो निम्नानुसार है:

कुल बिक्रियां घरेलू (डिप्ड)				निर्यात भारत(ग्रे)			अन्य देश		
ग्रेड	किग्रा.	अम.डा	प्र.किग्रा	किग्रा.	अम.डा.	प्र.किग्रा	किग्रा.	अम. डा.	प्र.किग्रा
840डी/2	***	***	***	***	***	***	***	***	***
1260डी/2	***	***	***	***	***	***	***	***	***

1680डी/2		0.00	0.0	***	***	***	0.0		0.0
भारित औसत			***			***			

परिशिष्ट 8,9 और 10 में प्रस्तुत कारखाना लागतें और लाभ परिशिष्ट 8 में 840डी/2, 1260डी/2 और 1680डी/2 (ग्रे और परिकलित मूल्य डिप्ड) परिशिष्ट 9 और 10 में केवल डिप्ड के लिए (भारत को किए गए निर्यातों की कारखाना लागत और लाभ) (घरेलू बिक्रियों और भारत को छोड़कर अन्य देशों के लिए कारखाना लागत और लाभ) ग्रेडों के लिए है । परिशिष्ट 4 में (भारत को निर्यातों के लिए बिक्री कीमत ढांचा) समायोजनों का दावा कमीशन के अतिरिक्त बोर्ड पर्यन्त निःशुल्क से पहले और बाद मे किया गया है । परिशिष्ट 5 में (घरेलू बिक्रियों और गैर भारतीय देशों के लिए बिक्री कीमत ढांचा) समायोजनों का दावा कमीशन के पहले और बाद के प्रभावों के कारण किया गया है । 31 दिसम्बर 2002 और 1999 को समाप्त वर्षों के लिए तुलन-पत्रों की प्रति ।

2. **उत्पादन की लागतः**

परिशिष्ट 9 में घरेलू बिक्रियों के लिए कारखाना लागत में 840डी/2, 1260डी/2 और 1680डी/2 (डिप्ड) ग्रेडों के लिए सूचना प्रस्तुत की गई है । घरेलू बाजार में 1680डी/2 (डिप्ड) की कोई बिक्री नहीं हुई थी । 840डी/2 के लिए कारखाना निकासी लागत *** अम0डा0 है । *** कि.ग्रा. पश्चात् कारखाना निकासी पर इकाई बिक्री कीमत *** /कि.ग्रा. अम0 डा0 है ।

1260डी/2 के लिए कारखाना निकासी लागत *** अम0 डा0 है । *** /कि.ग्रा. अम0 डा0 का निवल लाभ जोड़ने के पश्चात् कारखाना निकासी स्तर पर इकाई बिक्री कीमत *** /कि.ग्रा. अम0 डा0 है ।

1680डी/2 (ग्रे) के लिए परिकलित लागत *** /किग्रा. अम.डा. है और *** अम0डा0/किग्रा. का निवल लाभ जोड़ने के पश्चात कारखाना निकासी स्तर पर बिक्री कीमत *** /कि.ग्रा. अम0डा0 दर्शाई गई है ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

परिशिष्ट 5 में दावा किए गए समायोजन (इंडोनेशिया में घरेलू बिक्रियों के लिए बिक्री मूल्य ढांचा):-

840डी/2(डिप्ड)- दावा की गई सूची कीमत *** अमरीकी डालर है । परिशिष्ट 1 क से यह मालूम होता है कि कंपनी ने जांच अवधि के दौरान इंडोनेशिया में विभिन्न कंपनियों को *** अम0 डा0 के मूल्य की ** कि.ग्रा. की कुल मात्रा की बिक्री की है । यूनिट मूल्य *** अमरीकी डालर परिकलित होता है । *** अम0 डा0 की राशि का कमीशन और *** अम0 डा0 की राशि की ऋण शर्तें मानने के पश्चात् कारखाना निकासी स्तर पर कीमत *** अम0 डा0/कि.ग्रा. परिकलित होती है । घरेलू बाजार में 840डी/2 (डिप्ड) की कारखाना लागत *** अम0डा0/किग्रा0 है और कारखाना निकासी स्तर पर कीमत उत्पादन की लागत से अधिक है । लाभांश को समायोजित करने के बाद कीमत *** डा0/किग्रा0 परिकलित होती है ।

*** की दर पर डिपिंग की लागत समायोजित करने पर ग्रे 840डी/2 की लागत *** अम0डा0/किग्रा. परिगणित हुई है ।

1260डी/2(डिप्ड)दावा की गई सूची कीमत *** अमरीकी डालर है । परिशिष्ट 1 क से यह मालूम होता है कि कंपनी ने जांच अवधि के दौरान इंडोनेशिया में विभिन्न कंपनियों को *** अम0 डा0 के मूल्य की ** कि.ग्रा. की कुल मात्रा की बिक्री की है । यूनिट मूल्य *** अमरीकी डालर परिकलित होता है । *** अम0 डा0 की राशि का कमीशन और *** अम0 डा0 की राशि की ऋण शर्तें मानने के पश्चात् कारखाना निकासी स्तर पर कीमत *** अम0 डा0/कि.ग्रा. परिकलित होती है । घरेलू बाजार में 1260डी/2 (डिप्ड) की कारखाना लागत *** अम0डा0/किग्रा0 है और कारखाना निकासी स्तर पर कीमत उत्पादन की लागत से अधिक है । लाभांश को समायोजित करने के बाद कीमत *** अम0डा0/किग्रा0 परिकलित होती है ।

*** की दर पर डिपिंग की लागत समायोजित करने पर ग्रे 1260डी/2 की लागत *** अम0डा0/किग्रा. परिगणित हुई है ।

1680डी/2(ग्रे)-जांच की अवधि के दौरान घरेलू बाजार में 1680डी/2(डिप्ड) की कोई बिक्री नहीं हुई थी । इसलिए 1680डी/2(ग्रे) के उत्पादन लागत निर्यातक द्वारा घरेलू बाजार के लिए *** अम0डा0/किग्रा0 परिगणित की गई है ।

प्राधिकारी ने 1680डी/2(ग्रे) के लिए परिगणित लागत को पुनः परिकलित किया है । प्राधिकारी ने कच्ची सामग्री की लागत *** अम0डा0/किग्रा0, प्रत्यक्ष श्रम लागत *** अम0डा0/किग्रा0, उपयोगिताएं *** अम0डा0, निर्माण के ऊपरी खर्चे *** अम0डा0, मूल्य ह्रास *** अम0डा0, ब्याज की लागत *** अम0डा0 और पैकिंग लागत *** अम0डा0 मानी है जिससे कारखाना निकासी लागत *** अम0डा0/किग्रा0 परिकलित हुई है । बिक्री कीमत *** % का लाभ जोड़ने के पश्चात् बिक्री और प्रशासन लागत *** अम0डा0/किग्रा0 मानी गई है तथा 1680डी/2(ग्रे) के लिए कारखाना निकासी इकाई बिक्री कीमत *** अम0डा0/किग्रा0 मानी गई है ।

इंडोनेशिया के घरेलू बाजार में बेची गई मात्राएं, जैसे कि ऊपर दी गई हैं, और दावा किए गए समायोजनों पर विचार करने के पश्चात 840डी/2 और 1260डी/2 ग्रेडों के अलग-अलग कारखाना निकासी बिक्री कीमतों के आधार पर प्राधिकारी ने इन दो ग्रेडों में भारित औसत सामान्य मूल्य *** अम0 डा0 निकाला है । डिप्ड फैब्रिक (840डी/2 और 1260डी/2) के लिए भारित औसत लागत कीमत *** अम0डा0/किग्रा0 है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारित औसत कारखाना निकासी सामान्य मूल्य उत्पादन की लागत से अधिक है । प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि 840डी/2 और 1260डी/2 ग्रेडों के सौदे घाटे वाले नहीं थे । भारित औसत सामान्य मूल्य *** अम0डा0/किग्रा0 निकलता है ।

इंडोनेशिया से अन्य निर्यातक/उत्पादक

प्राधिकारी पाते हैं कि इंडोनेशिया से अन्य उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्धारित प्रपत्र में प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया और सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में सूचना प्रस्तुत नहीं की है । इसलिए प्राधिकारी ऐसे उत्पादकों/निर्यातकों को असहयोगी मानते हैं और सर्वोत्तम उपलब्ध

सूचना पर कार्यवाही करते हैं । इंडोनेशिया से सहयोगी निर्यातक द्वारा दावा किए गए समायोजनों को प्रदान करने के पश्चात् बेचे गए विभिन्न ग्रेडों के लिए कारखाना निकासी भारित औसत घरेलू बिक्री कीमत *** अम0 डा0 मानी गई है ।

(ख) मै0 ह्योसुंग कारपोरेशन कोरिया:-

निर्यातक ने निर्यातकों की प्रश्नावली के अपने उत्तर के अगोपनीय रूपान्तर को उपलब्ध नहीं करवाया है और मौखिक सुनवाई के अनुसरण में लिखित निवेदन उपलब्ध नहीं करवाए हैं ।

1. निर्यातक ने प्राधिकारी द्वारा जारी कमियों के पत्र का उत्तर भी नहीं दिया है ।

(क) सामान्य मूल्य:

1. परिशिष्ट 1 जिसे अगोपनीय बताया गया है में केवल उत्पाद के ग्रेड बताए गए हैं, जिससे यह मालूम होता है कि ग्रेड 1260डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) और 1890डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) घरेलू बाजार में बेचे गए हैं । उन्होंने परिशिष्ट 1 में भी कहा है कि उनके सभी घरेलू और विदेशी ग्राहकों ने भारतीय ग्राहकों को छोड़कर केवल डिप्ड टायर को फैब्रिक का ही प्रयोग किया है क्योंकि उनके पांस रॉ फैब्रिक को डिप्ड फैब्रिक में बदलने के लिए डिपिंग मशीनें नहीं हैं । इसलिए वह प्राधिकारी को उसी मद की घरेलू बिक्री की सूचना नहीं दे सकते जिसके लिए भारतीय ग्राहकों को आपूर्ति की गई है । इसलिए प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू बिक्रियों के कोई सौदेवार आंकड़े नहीं हैं । परिशिष्ट 4 में भारत को निर्यातों के लिए बिक्री कीमत ढांचे में कंपनी ने बोर्ड पर्यन्त निःशुल्क से पहले और बाद के प्रभारों की समायोजनों का दावा किया है जिनमें अन्तर्देशीय भाड़ा, हैंडलिंग, अन्य विदेशी बीमे तथा अन्य और 12600डी/2 (रॉ फैब्रिक) के निर्यातों के लिए डिस्काउंट/कमीशन शामिल हैं ।

परिशिष्ट 3 में (कंपनी के माल की बिक्री), स्थिति निम्न प्रकार है:

	भारत को निर्यात			घरेलू बिक्रियां			तीसरे देशों को		
ग्रे	किग्रा.	कुल डा.	डा/किग्रा	किग्रा.	कुल डा.	डा/किग्रा	किग्रा	कुल डा.	डा/किग्र
1260डी/2	***	***	***						
1260डी/3	***	***	***						
1680डी/2	***	***	***						
डिप्ड									
1260डी/2				**	**	**	**	***	**
1260डी/3							**	***	**
1680डी/2	***	**	**					0	
1890									
डी/2				**	**	**	**	***	**
कुल	**	**	**	**			**		
कुल बिक्रियां	**								

यह देखा जा सकता है कि परिशिष्ट 3 के अनुसार बिक्रियां *** एमटी हैं जबकि परिशिष्ट 7 के अनुसार बिक्रियां *** एमटी दर्शाई गई हैं ।

परिशिष्ट-5 में घरेलू बिक्रियों के बारे में दावा किए गए समायोजन

3. परिशिष्ट 5 में घरेलू बिक्रियों के लिए बिक्री कीमत ढांचें में कंपनी ने कारखाना निकासी के पश्चात् के प्रभारों के कारण समायोजनों का दावा किया है जिनमें 1260डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) और 1890डी/2 (डिप्ड फैबिक) की बिक्रियों के लिए डिस्काउंट के अतिरिक्त अन्तर्देशीय भाड़ा कर और अन्य शामिल हैं । इसलिए कारखाना निकासी स्तर पर इकाई बिक्री कीमत 1260डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) के लिए *** अम0 डा0/कि.ग्रा. और 189डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) के लिए *** अम0डा0/कि.ग्रा. परिकलित हुई हैं ।

(ख) उत्पादन की लागत:-

परिशिष्ट 9 में (घरेलू बिक्रियों की कारखाना लागत और लाभ) निर्यातक द्वारा कारखाना निकासी स्तर पर इकाई बिक्री कीमत 1260/डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) के लिए *** अम0 डा0/किग्रा. का दावा किया गया है । घरेलू बाजार में बेची गई कुल मात्रा *** अम0 डा0 के मूल्य की *** है ।

1890डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) के लिए निर्यातक द्वारा दावा की गई कारखाना निकासी स्तर पर इकाई बिक्री कीमत *** अम0डा0/किग्रा. है । घरेलू बाजार में बेची गई कुल मात्रा *** अम0 डा0 के मूल्य की *** कि.ग्रा. है ।

प्राधिकारी द्वारा जांच:

2000 को समाप्त वर्ष के लिए प्रस्तुत आय विवरण का विश्लेषण करते हुए:
निर्यातक ने जांच अवधि के लिए ब्यौरेवार वार्षिक लेखे उपलब्ध नहीं कराए हैं, तथापि 2000 को समाप्त वर्ष के लिए आय और खर्चों का एक विवरण उपलब्ध कराया गया है । यह मालूम होता है कि बिक्री मूल्य *** (एमएलएन कोरियन वून) है, इसमें *** से लाभ कम करके उत्पादन की लागत *** है । एसजीए खर्च *** दर्शाया गया है, यह ***% (***/***)परिकलित होता है । लाभ की गणना ***% (***/***) हुई है । जांच विनियोजन न होने के कारण इन % को जांच अवधि के दौरान भारत को निर्यातित ग्रेडों के संबंध में सामान्य मूल्य परिकलित करने के लिए अपनाया गया है ।

1260डी/2(डिप्ड फैब्रिक)-प्राधिकारी ने यह नोट किया है कि निर्यातक ने घरेलू बाजार में बेचे गए 1260डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) के लिए *** अम0डा0/कि.ग्रा.की कारखाना निकासी उत्पादन लागत का दावा किया है । कच्ची सामग्री की लागत में *** अम0डालर के मूल्य के *** किग्रा.की मात्रा का कच्चा बैरिक शामिल होता है उसके बाद उसकी प्रति इकाई लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. आती है । *** अम0 डा0 के मूल्य के *** किग्रा. की मात्रा की डिप मिश्रण लागत होती है उसके बाद प्रति इकाई डिप मिश्रण लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. आती है । इस प्रकार कच्ची फैब्रिक और डिप मिश्रण की कुल कच्ची सामग्री की लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. है । प्रत्यक्ष मजदूरी लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. क्षमता उपयोग लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. और कुल ऊपरी खर्च संबंधी लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. है ।

1890डी/2(डिप्ड फैब्रिक)- प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू बाजार में बेचे गए 1890 डी/2(डिप्ड फैब्रिक) के लिए *** अम0डा0/कि.ग्रा. के उत्पादन की कारखाना निकासी लागत का निर्यातक द्वारा दावा किया गया है । कच्चे माल की लागत में *** अम0 डा0 कीमत के लिए *** कि.ग्रा. की मात्रा का रॉ फैब्रिक शामिल है जिससे प्रति इकाई लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. हो जाती है । *** कि.ग्रा. की मात्रा का रॉ फैब्रिक शामिल है जिससे प्रति इकाई लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. हो जाती है । *** किग्रा. मात्रा के लिए डिप मिश्रण का मूल्य *** अम0 डा0 है जिससे प्रति इकाई डिप मिश्रण की लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. हो जाती है । इसलिए कच्चे फैब्रिक और डिप मिश्रण के कारण कुल कच्ची सामग्री की लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. है । प्रत्यक्ष श्रम लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. है, उपयोगिता लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. है, और सकल ऊपरी खर्च की लागत *** अम0डा0/कि.ग्रा. है । प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि परिशिष्ट 9(घरेलू बिक्रियों की कारखाना लागत और लाभ) में निर्यातक द्वारा दावा की गई 1260डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) और 1890डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) के लिए कारखाना निकास इकाई बिक्री कीमत क्रमशः *** अम0डा0/कि.ग्रा. और *** अम0डा0/कि.ग्रा. है जो परिशिष्ट 3 (कंपनी के माल की बिक्रियां) जिसके अनुसार यह मालूम होता है कि 1260डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) ग्रेड की इकाई बिक्री कीमत *** अम0डा0/कि.ग्रा. है और 1890डी/2 (डिप्ड फैब्रिक) ग्रेड के लिए*** अम0डा0/कि.ग्रा.है, में उपलब्ध आंकड़ों के साथ मेल नहीं खाती है ।

परिशिष्ट 3 और 9 में दी गई इकाई कारखाना निकास बिक्री कीमतों में विषमता को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी अपनी प्रश्नावली के उत्तर में निर्यातक द्वारा दावा किए गए सामान्य मूल्य से संबंधित आंकड़ों को अस्वीकार करने के लिए बाध्य हैं ।

परिगणित सामान्य मूल्यः

1260डी/2 ग्रे

निर्यातक ने बिक्री कीमत *** डालर और *** डा0 के रूप में विभिन्न लेखों में समायोजनों का दावा किया है जिससे कारखाना निकासी कीमत *** डालर के रूप में परिकल्पित होती है । उत्पादन की लागत के अनुसार एसजीए द्वारा *** का दावा किया गया है ।
दावा किए गए एसजीए(*** -***) का समायोजन करके उत्पादन लागत *** बनती है । 14% की दर पर एसजीए (आय के विवरण में यथा परिकलित) को जोड़कर तथा **% की दर पर लाभ को शामिल करके परिगणित निवल मूल्य *** डा0/किग्रा. बनता है जिसे स्वीकार किया गया है ।

1260डी/3 ग्रे

निर्यातक ने *** डा0 की निर्यात कीमत और *** डा0 विभिन्न लेखरों में समायोजनों का दावा किया है जिससे कारखाना निकास पर कीमत *** डा0 परिकलित होती है । उत्पादन की लागत के अनुसार इस ग्रेड के लिए दावा किया गया एसजीए *** है ।

दावा किए गए एसजीए(*** -***) का समायोजन करने के बाद उत्पादन लागत *** परिकलित होती है । ***% की दर पर एसजीए (आय के विवरण में यथा परिकलित), और ***% की दर पर लाभ को जोड़कर परिगणित निवल मूल्य *** डा0/कि.ग्रा. बनता है जिसे स्वीकार किया गया है ।

1680डी/2 ग्रे

निर्यातक ने *** डा0 की निर्यात कीमत और *** डा0 विभिन्न लेखरों में समायोजनों का दावा किया है जिससे कारखाना निकास पर कीमत *** डा0 परिकलित होती है । उत्पादन की लागत के अनुसार इस ग्रेड के लिए दावा किया गया एसजीए *** है ।

